हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार 19 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 27.4 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

12 खेरधा में बायोगैस प्लांट का विरोध, ग्रामीणों ...



16 बुलडोजर चला लेकिन कब्जा नहीं हटा, निगम ...





## खबर संक्षेप

### बैटरी चोरी वाले तीन नाबालिग आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** खड़े वाहनों की बैटरी चोरी करने के मामले में तीन अपचारी बालको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि मंजित सिंह ने पुलिस में सीजी 07 बीजी 3995 से अज्ञात ने एक्साइड कंपनी की बैटरियां पार कर दिया है। पुलिस ने खोजबीन करने पर बैटरी पार करने वाले तीन अपचारी बालको को पकड़ा है। पूछताछ में अपचारी बालकों ने चोरी करना स्वीकार किया। घटना ट्रांसपोर्ट नगर रोड खुर्सीपार की है। पुलिस ने 2 एक्साइड कंपनी की बैटरियां जब्त की गई। पुलिस मामले को लेकर आगे की जांच कर रही है।

# पुरानी रंजिश के चलते युवक पर चाकू से हमला, गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

**पुरैना क्षेत्र की घटना**

पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर चाकूओं हमला करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। जीआरपी भिलाई तीन ने बताया कि स्टोर पारा भिलाई तीन निवासी आरिफ शेख 20 वर्ष बाबा धाम पुरैना के पास मोहल्ले के सूरज शर्मा उसे देख लेने की धमकी दी। इस दौरान आरिफ भाउ दुकान आ गया कुछ देर बाद बडा पुरैना निवासी मनोज तांडी पीड़ित को सुलभ शौचालय के पास लेकर गया। जहां सूरज मिला और चाकू दिखाकर दो बार पेट में वार कर दिया। आरिफ बचते हुए बाबा धाम मंदिर के पास भाग निकला और झाड़ियों के बीच छिपा रहा। जहां पेट से उसका खून लगातार निकल रहा था। आसपास के लोगों की मदद से आरिफ को उपचार के लिए सुपेला स्थित निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है। जहां उपचार जारी है। जीआरपी दोनों युवकों को अभी तक पकड़ नहीं पाई है। स्टोर पारा क्षेत्र में अपराधों का ग्राफ बढा हुआ है। इसका बड़ा कारण अवैध शराब का बिकना है। आरोप है कि मनोज और सूरज सट्टा कारोबार से जुड़े हुए है। इनके खिलाफ थाने में और भी मामले दर्ज है। फिलहाल जीआरपी युवकों की खोजबीन में जुटी हुई है।




### धारदार हथियार लहराकर डराने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** धारदार हथियार के साथ एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर संजय नगर तालाब के पास शीतला तालाब के पास, सुपेला निवासी सुनील अक्षरी हथियार लेकर आने जाने वालों को डरा धमका रहा था। पुलिस ने युवक के पास से पुलिस ने 9 इंच लंबाई का स्टील का बटनदार धारदार हथियार बरामद किया। युवक के पास से स्टील का बटनदार धारदार हथियार जिसकी कीमत 500 रुपए की जब्त की गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## पहले चरण और दूसरे चरण मिलाकर केवल 165 बच्चों ने लिया दाखिला

# दूसरे चरण में 150 बच्चों को आरटीई की सीटें अलॉट, 52 ने नहीं लिया एडमिशन

**दो चरणों की प्रक्रिया के बाद भी 463 सीटें खाली**

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दुर्ग जिले में शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश की प्रक्रिया के बावजूद बड़ी संख्या में सीटें खाली रह गई हैं। दूसरे चरण की लॉटरी में 150 बच्चों को सीटें आवंटित की गईं, लेकिन इनमें से केवल 98 बच्चों ने ही प्रवेश लिया। 52 बच्चों ने स्कूल आवंटित होने के बाद भी दाखिला नहीं लिया। प्रवेश के लिए 17 जुलाई अंतिम तिथि तय की गई थी। इसलिए शुक्रवार की देर रात तक दाखिला चला। उसके बावजूद भी हाल ऐसा है कि दोनों चरणों में मिलाकर कुल 165 बच्चों ने प्रवेश नहीं लिया है।

### दूसरे चरण के लिए 81 सीटें बढ़ाई शासन ने

हरिभूमि पड़ताल

जिले में आरटीई के तहत पहले चरण में 1427 सीटें उपलब्ध थीं। बाद में दूसरे चरण के लिए 81 सीटें बढ़ाकर कुल सीटों की संख्या 1507 कर दी गई। जिससे ज्यादा से ज्यादा गरीब वर्ग के बच्चों को लाभ मिले लेकिन सीटें एलॉट होने के बाद दाखिले की स्थिति अच्छी नहीं है। पहले चरण की लॉटरी में 1059 बच्चों को सीटें आवंटित की गई थीं। इनमें से 946 बच्चों ने प्रवेश लिया, जबकि 113 बच्चों ने सीट मिलने के बावजूद दाखिला नहीं कराया।



### दायरा बढ़ाने पर भरेंगी सीटें

आरटीई में जिस हिसाब से आवेदन आए हैं उस हिसाब से सीटें भर नहीं पा रही है। इस बार आरटीई के नियम बदले हैं और प्रवेश कक्षाएं नर्सरी को बंद किया गया है। इसलिए जिले में सीटों की संख्या भी काफी कम हुई है। कम सीट होने के बावजूद भी सीटें खाली हो रही है। आरटीई जानकारों का मानना है कि निजी स्कूलों से संबंधित आवेदकों के निवास का दायरा बढ़ाने की जरूरत है। वर्तमान में 2 किलोमीटर की दूरी पर निवासरत बच्चों को प्रवेश दिया जा रहा है। इस दूरी को 3 किलोमीटर करने की आवश्यक्ता समझी जा रही है।

### दूसरे चरण में 52 बच्चों ने किया किनारा

दूसरे चरण में 1209 आवेदकों के बीच लॉटरी निकाली गई, जिसमें 150 बच्चों को सीटें आवंटित हुईं। हालांकि इनमें से केवल 98 बच्चों ने ही निर्धारित समयावधि में प्रवेश प्रक्रिया पूरी की। इस प्रकार दूसरे चरण में भी 52 सीटें खाली रह गईं। तीसरे चरण के लिए 22 जुलाई से फिर से आवेदन मंगवाए गए हैं लेकिन जिस तरह पहले व दूसरे चरण में बच्चों को सीटें एलॉट होने के बाद भी प्रवेश नहीं ले रहे हैं यह चिंता का विषय है।

### जिले में कुल 463 सीटें है खाली

दोनों चरणों के आंकड़ों पर नजर डालें तो कुल 1507 सीटों के मुकाबले अब तक केवल 1044 बच्चों का ही प्रवेश हो पाया है। यानी जिले में अभी भी 463 सीटें रिक्त हैं। बड़ी संख्या में सीटें खाली रहने के कारण शिक्षा विभाग को तीसरे चरण की प्रक्रिया शुरू करनी पड़ रही है। अधिकारियों के अनुसार शेष सीटों को भरने के लिए 22 जुलाई से पुनः आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। तीसरे चरण की लॉटरी के माध्यम से रिक्त सीटों को भरने का प्रयास किया जाएगा। हालांकि पहले और दूसरे चरण के अनुभव को देखते हुए यह आशंका बनी हुई है कि तीसरे चरण के बाद भी सभी सीटें भर पाना चुनौतीपूर्ण रहेगा।

### मनमाफिक स्कूल नहीं मिल रहे बच्चों को

पालकों के मुताबिक कई अभिभावक अपनी पसंद का स्कूल नहीं मिलने, स्कूल की दूरी अधिक होने, दस्तावेजों की समस्या अथवा अन्य कारणों से प्रवेश नहीं लेते हैं। यही वजह है कि सीट आवंटित होने के बाद भी बड़ी संख्या में बच्चे दाखिले से वंचित रह जाते हैं। दुर्ग जिले के 152 निजी विद्यालयों में आरटीई के तहत आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित वर्ग के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। सरकार निजी स्कूलों में प्रवेश लेने वाले इन बच्चों की शिक्षा का खर्च वहन करती है। इसके बावजूद दो चरणों में अपेक्षित संख्या में प्रवेश नहीं हो पाने से सैकड़ों सीटें खाली रह गई हैं। अब तीसरे चरण की प्रक्रिया पर सभी की निगाहें टिकी हैं कि क्या शेष 463 सीटें भर पाती हैं या फिर इस वर्ष भी आरटीई के तहत अनेक सीटें रिक्त रह जाएंगी।







## खबर संक्षेप

### जगन्नाथ रथ यात्रा में शामिल हुई जनप्रतिनिधि



**पाटन।** जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति नायक ने भगवान श्री जगन्नाथ की पावन रथ यात्रा के शुभ अवसर पर समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं मंगलमय शुभकामनाएं दी हैं। अपने शुभकामना संदेश में श्रीमती कीर्ति नायक ने कहा कि भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा भारतीय संस्कृति, आस्था, सेवा, समरसता एवं लोककल्याण का महान पर्व है।

## निधन

### बी योगेश्वरी



**भिलाई।** सेक्टर 5 के व्यवसाई संतोष की माता एवं इंटक के सचिव राजकुमार की सास बी. योगेश्वरी का शनिवार की सुबह निधन हो गया। वे पिछले लंबे समय से अस्वस्थ चल रहीं थी। उनकी अंतिम यात्रा सेक्टर-5 सड़क 9 स्थित मकान से शनिवार की दोपहर निकाली गई और रामनगर स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। वे आशा राज एवं विजया अनिल की मां थीं। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं।

### नत्थू राम सलाम



**भिलाई।** सड़क-11, सेक्टर-10 भिलाई निवासी और बीएसपी सेवानिवृत कर्मी नत्थू राम सलाम (73) का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 19 जुलाई को सुबह 11 बजे हिंद नगर रिसाली मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी। वे नितिन व निधि के पिता और वह गोंडवाना समाज भिलाई के भूतपूर्व अध्यक्ष थे।

### शत्रुहन लाल सोनवानी



**दुर्ग।** सुभाष नगर निवासी सेवानिवृत राजस्व निरीक्षक शत्रुहन लाल सोनवानी 78 वर्ष का शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 19 जुलाई रविवार को सुबह 10 बजे शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे लक्ष्मी सोनवानी के पति और राकेश सोनवानी, ऐश्वर्या सिंह सोनवानी, रत्नेश सोनवानी, अरुण सोनवानी के पिता थे।

### पंचायत की आपत्ति के बाद भी प्रशासन ने स्वीकृत कर काम शुरू कराया, इसलिए विरोध

# खेरधा में बायोगैस प्लांट का विरोध, ग्रामीणों ने रुकवाया काम, कल मिलेंगे कलेक्टर से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग/ जामुल/मुरमुन्दा

**ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर किया विरोध, बैठक लेकर बनाई रणनीति**

धमधा ब्लॉक के ग्राम खेरधा में बिना पंचायत की अनुमति बायोगैस प्लांट लगाए जाने को लेकर विरोध शुरू हो गया है। ग्रामीणों ने इस पूरे मामले में मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने बायोगैस प्लांट का विरोध किया है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत ने प्रस्ताव लाकर इस बायोगैस प्लांट का विरोध किया था।

इस आपत्ति को लेकर एसडीएम न्यायालय में भी लगाया गया था। बावजूद इसे खारिज कर दिया गया और काम शुरू करा दिया गया। इस वजह से ग्रामीणों को विरोध दर्ज कराना पड़ा। शनिवार को इसे लेकर पंचायत स्तर पर बैठक हुई। बैठक में 20 जुलाई को कलेक्टोरेट में विरोध दर्ज कराने और अधिकारियों को वस्तु स्थिति से अवगत कराने का निर्णय लिया गया। ग्रामीणों ने कहा कि इसके बाद भी यदि बायोगैस प्लांट लगाने का काम जारी रहा, तो मौके पर पहुंचकर ग्रामीण विरोध दर्ज कराएंगे। इसके बाद पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की रहेगी। बहरहाल ग्रामीणों के इस आंदोलन का कांग्रेस ने समर्थन किया है। उन्होंने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।



बिना पंचायत की अनुमति बायोगैस प्लांट लगाए जाने को लेकर विरोध शुरू, मौके पर डटे ग्रामीण, दिखाई एकजुटता।

### जानिए आखिर क्या है पूरा मामला

पंचायत में चारागाह जमीन पर पिछले दिनों बायोगैस प्लांट लगाना स्वीकृत किया गया। इस सीएनजी प्लांट में वेस्ट मटेरियल को डी-कंपोज किया जाना है और बायोगैस तैयार की जानी है। ग्रामीणों का कहना है कि यह जमीन पहले से चारागाह की जमीन है। गांव के बुजुर्गों ने इस जमीन को सहेजा। वर्तमान में इस रिक्त भूमि को प्रशासन बायोगैस प्लांट लगाने के लिए उपयोग करना चाह रहा है। इस प्लांट के डलने से आसपास के क्षेत्र का पर्यावरण दूषित होगा। मार्ग खराब होंगे। वेस्ट मटेरिलय की बदबू से परेशानी उठानी पड़ेगी। इसे देखते हुए ग्रामीणों द्वारा इसका विरोध किया जा रहा है।

### पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने रुकवाया काम

जानकारी के मुताबिक पिछले दिनों प्रशासन की टीम बायोगैस प्लांट लगाने के लिए मौके पर पहुंची। काम भी शुरू कर दिया गया। इसकी जानकारी जब ग्रामीणों को हुई, तो वे बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे। उन्होंने मौके पर ही विरोध शुरू कर दिया। इस दौरान पुलिस ने उन पर सरकारी कार्य में बाधा डालने पर कानूनी प्रक्रिया का दबाव भी बनाया। बावजूद ग्रामीण मौके पर डटे रहे। इसके बाद बायोगैस प्लांट का काम अस्थाई रूप से रोक दिया गया। बायोगैस प्लांट नहीं को लेकर ग्राम पंचायत से प्रस्ताव पारित किए जाने की जानकारी भी दी गई। प्रशासन को चेतावनी दी गई की बिना निराकरण के यहां पर कोई भी काम ग्राम पंचायत व ग्रामवासियों की बगैर सहमति के कोई भी कार्य नहीं किया जाए।

### पंचायत पहले ही आपत्ति दर्ज करा चुकी

पंचायत पहले ही इस प्रकरण में आपत्ति दर्ज करा चुका है। प्रशासन को वस्तु स्थिति की जानकारी दी गई है। इसके बाद भी बायोगैस का काम शुरू कर दिया गया। अब 20 जुलाई को गांव के साथ कलेक्टोरेट पहुंचकर वस्तु स्थिति की जानकारी दी जाएगी।

**-जितेंद्र टंडन,** सरपंच ग्राम पंचायत खेरधा

### नहीं लगने देंगे बायोगैस प्लांट

हम अपने गांव में बायोगैस प्लांट नहीं लगने देंगे। शुरू दिन से ही इसका विरोध किया जा रहा है। ग्राम पंचायत में हुई बैठक में भी आपत्ति दर्ज कराई गई। प्रस्ताव पारित कर प्रशासन को भेजा गया, जिसे नहीं मानते हुए बायोगैस प्लांट का काम शुरू किया जा रहा है। इसका पूरजोर विरोध किया जाएगा।

**-हेमंत साहू,** अध्यक्ष अहिवारा विधानसभा युवक कांग्रेस

# शीतला मंदिर नेहरू उद्यान के पास से हटा अतिक्रमण

**राजनांदगांव।** बारिश में सुचारू पानी निकासी एवं सुगम यातायात की दृष्टिकोण से नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में शीतला मंदिर नेहरू उद्यान के पास से अनाधिकृत रूप से रखे ठेला हटाने की कार्रवाई नगर निगम के अतिक्रमण दस्ता द्वारा किया गया। इसी प्रकार ममता नगर रोड में पानी निकासी के लिए चबूतरे तोडे गए।

उल्लेखनीय है कि शीतला मंदिर नेहरू उद्यान के आसपास अतिक्रमण कर 5-6 ठेला रखा गया था। जिससे आवागमन बाधित होने के साथ-साथ गंदगी फैल रही थी। उक्त ठेलों को अतिक्रमण हटाव अभियान के तहत नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम के निर्देश पर नगर निगम की अतिक्रमण दस्ता ने मानव गैंग एवं जेसीबी के माध्यम से हटाने की कार्रवाई की। इसी प्रकार ममता नगर रोड में अंडरब्रिज के पास पानी निकासी में आ रही बाधा को हटाने प्लेटफार्म को तोड़ा गया। यह अभियान निरंतर जारी रहेगी।

आयुक्त श्री मरकाम ने शहर को स्वच्छ एवं साफ रखने सहयोग करने नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील करते कहा कि शहर के चौक-चौराहों एवं रोड में पसरा व ठेला-खोमचा न लगाएं। रोड में पसरा आदि लगाने से यातायात बाधित होने के साथ-साथ दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। इसी प्रकार अतिक्रमण करने से पानी निकासी प्रभावित होती है। साथ ही सड़क में मलमा या मटेरियल रखने से गंदगी फैलती है।

### विश्व हिंदी परिषद की छग इकाई का विस्तार, विरेन्द्र दुर्ग जिला अध्यक्ष



**पाटन।** विश्व हिंदी परिषद की छत्तीसगढ़ जिला इकाई का विस्तार किया गया है। जिसमें विरेन्द्र कुमार साहू को सर्वसम्मति से दुर्ग जिला का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। श्री साहू शिक्षा के साथ साथ साहित्य क्षेत्र में भी सक्रिय सहभागिता दे रहे हैं। हाल ही में उन की पुस्तक मोर अंगना के शोर बाल काव्य संग्रह का विमोचन किया गया।

# जनहित के मुद्दों पर बोले एल्डरमैन बताई विकास को लेकर प्राथमिकताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी



**कुम्हारी प्रेस का आयोजन**

प्रेस क्लब ऑफ कुम्हारी द्वारा आयोजित प्रेस से मिलिए कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद कुम्हारी के नवनियुक्त पांचों एल्डरमैन पत्रकारों से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं, नगर विकास की योजनाओं और जनहित के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा मुख्य अतिथि और उपाध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। नवनियुक्त एल्डरमैन गोल्डी गोस्वामी, मनहरण साहू, सुनीता कुर्रे, अवधेश शुक्ला और प्रणव श्रीवास्तव का प्रेस क्लब की ओर से शॉल, श्रीफल, सम्मान पत्र और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। इसके बाद सभी एल्डरमैन ने अपनी भूमिका और प्राथमिकताओं को साझा किया। नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा ने उम्मीद जताई कि सभी एल्डरमैन जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर नगर के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। प्रेस क्लब के अध्यक्ष विक्रम शाह ठाकुर ने कहा कि ₹प्रेस से मिलिए₹ जैसे कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों और मीडिया के बीच संवाद को मजबूत करने का माध्यम हैं, जिससे जनता तक सही और तथ्यात्मक जानकारी पहुंच सके। कार्यक्रम में पार्षद अश्वनी देशलहरे, हरिदास वैष्णव, आर प्रवीण राव, ओंकार मारकंडे, लोकेश साहू, उमाकांत साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा, मिथलेश यादव, रामकुमार सोनी, फिंगेश्वर साहू, सुजीत यादव, अनिल निखाड़े, परसराम साहू, पुनेन्द्र साहू, विशाल ताम्रकार अमरजीत सिंग गिल, नंद जायसवाल, पत्रकार विकास तिवारी, श्रीमती जुली सिंह, साधना स्वर्णकार सहित बड़ी संख्या पत्रकार एवं नगरवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार रविन्द्र थापा एवं अजय यादव ने किया।

## अंचल की खबरें

### निकुम स्वास्थ्य केंद्र में 9 महिलाओं की नसबंदी



**अण्डा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निकुम में गुरुवार को जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। मां और बच्चे की भलाई और अनचाहे गर्भाधारण को रोकने के लिए गर्भावस्था के बीच सही समय और अंतराल तथा जब बच्चों में हो सही अंतराल, परिवार बने स्वस्थ और खुशहाल थीम पर यह आयोजन हुआ। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग के निर्देश तथा खंड चिकित्सा अधिकारी निकुम के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान 9 महिलाओं की सफल नसबंदी की गई। इसके साथ ही 5 महिलाओं के एलएससीएस (सीजेरियन) ऑपरेशन भी सफलतापूर्वक संपन्न किए गए। कार्यक्रम में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. ज्योति धुर्वे, एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. जी.एस. ठाकुर, डॉ. सोनम देशमुख, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीषा ठाकुर, स्टाफ नर्स आशा देवांगन, दीप्ति मसियारे, सराह कश्यप, ओटी अटेंडेंट जितेंद्र वाल्दे एवं आया गोमती सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का उद्देश्य परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता बढ़ाना, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाना तथा गर्भधारण के बीच उचित अंतराल अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित करना है। कार्यक्रम के माध्यम से परिवार नियोजन सेवाओं का लाभ अधिक से अधिक हितग्राहियों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

### प्लेसमेंट ड्राइव में 108 विद्यार्थियों का चयन



**उतई।** प्रिज्म ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, उतई द्वारा आयोजित 'उड़ान-2026' ओपन प्लेसमेंट ड्राइव में विभिन्न कॉलेजों एवं संस्थानों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यहां कुल 113 विद्यार्थियों ने पंजीयन कर चयन प्रक्रिया में भाग लिया, जिनमें से 108 विद्यार्थियों का विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों एवं कंपनियों में चयन हुआ। चयनित विद्यार्थियों को ऑटोमोबाइल, बैंकिंग एवं फाइनेंस, रिटेल, मैन्युफैक्चरिंग, एजुकेशन, फार्मेसी, एग्रीकल्चर तथा इंडस्ट्री जैसे विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्राप्त हुए। इस अवसर पर कुल 22 प्रतिष्ठित संस्थानों एवं कंपनियों ने भाग लिया। संस्थान के अध्यक्ष रूपेश कुमार गुप्ता ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दी।

### कक्षा सजावट करना सीखा विद्यार्थियों ने



**जामगांव आर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भरर में कक्षा सजावट की कला सिखाने का अवसर विद्यार्थियो को मिला। प्राचार्य डॉ श्रीमती भारती की पहल पर विद्यार्थियों ने कक्षा सजावट के लिए विभिन्न पोर्ट्रेट, पेंटिंग, स्लोगन और ब्लैक बोर्ड की सजावट की गई। प्राचार्य डॉ श्रीमती भारती ने कहा कि विद्यालय बच्चो के सर्वांगीण विकास का प्लेटफार्म होता है।

### उत्साहपूर्वक किया पौधारोपण



**धमधा।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तमेर पारा, धमधा एवं शासकीय प्राथमिक शाला तमेर पारा, धमधा के संयुक्त तत्वावधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष श्वेता प्रशांत अग्रवाल रहीं। उनके साथ जिला उपाध्यक्ष चेंबर ऑफ कॉमर्स नवीन जैन , एल्डरमैन अजय मिश्रा, सेवानिवृत्त प्रधानपाठक विमल ताम्रकार, विधायक प्रतिनिधि सुमित ताम्रकार , शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष विजय साहू, उपाध्यक्ष शंकर लाल देवांगन, पियूष ताम्रकार सहित अनेक नागरिक एवं पालक उपस्थित रहे।

### पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**अंडा।** पर्यावरण को हरा-भरा बनाने और बच्चों में प्रकृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सनराईस पब्लिक स्कूल अंडा में शनिवार को विशेष पौधरोपण कार्यक्रम (ग्रीन डे) आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ विद्यालय परिसर में नीम, गुलाब, आम और गुलमोहर व लगाए। इस दौरान पर्यावरण से संबधित जागरुकता के नाटक भी बच्चों ने प्रस्तुत किये।

## बिजनेस साइट

### ऑस्टियोनेक्रोसिस का सफल उपचार



**भिलाई।** 42 वर्षीय एक पुलिस कर्मी करीब 2 साल पहले घायल हो गया था। कूल्हे में दर्द रहने लगा था। चलने फिरने में भी तकलीफ हो रही थी। धीरे-धीरे तकलीफ बढ़ती चली गई। उठना-बैठना तो दूर, लेटे रहने में भी तकलीफ होने लगी। तब जाकर वह हाईटेक सुपर स्पेशालिटी हॉस्पिटल पहुंचा। ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ दीपक सिन्हा ने बताया कि जांच करने पर पता चला कि मरीज का दाहिनी तरफ का कूल्हे का जोड़ लगभग नष्ट हो चुका था। ऐसी स्थिति तब भी बनती है जब मरीज को सिकल सेल एनीमिया सिकलिंग की शिकायत हो। इसके बाद मरीज और परिजनों की काउंसलिंग की गई। कूल्हे के खराब जोड़ को बदलना ही इस तकलीफ को खत्म कर सकता था। सहमति मिलने के बाद मरीज की टोटल हिप रीप्लेसमेंट सर्जरी कर दी गई। ऑपरेशन के दूसरे ही दिन दर्द जाता रहा। दो दिन बाद मरीज क्रच की सहायता से चलने फिरने लगा। चौथे दिन वह बिना किसी सहारे के उठने और चलने में समर्थ हो गया। एक सप्ताह बाद उसे छुट्टी दे दी गई। ऑस्टियोनेक्रोसिस जिसे एवैस्कुलर नेक्रोसिस भी कहते हैं, एक ऐसी गंभीर स्थिति है जिसमें रक्त संचार की कमी के कारण हड्डी के टिशू मरने लगते हैं। इसके परिणामस्वरूप हड्डी कमजोर होकर टूटने लगती है और आसपास के जोड़ खराब हो सकते हैं। यह सबसे ज्यादा कूल्हे को प्रभावित करता है।

### ओम ज्वेलर्स मे आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट




**दुर्ग।** दुर्ग ओम ज्वैलर्स शहर के हृदय स्थल में स्थित इंदिरा मार्केट दुर्ग शॉप नंबर 64 b प्रिया सिंगर सदन के सामने ओम ज्वैलर्स अपने भाव शोरूम के लिए जाना माना है। जहां आपको अनगिनत डिजाइन देखने को मिलता है। श्री सोनी ने बताया सोने की बढ़ती हुई महंगाई को देखते हुए मासिक ई योजना चालू किए हैं जिसमें 1000 से लेकर आपके बजट तक हर महीना का किस्त जमा कर सकते हैं। 12 महीने की रेगुलर किस्त जमा होने पर आपको एक महीने की किस्त ज्वेलर्स के द्वारा दी जाती है। सोनी ने बताया कि पैसा लाने ले जाने का जोखिम को देखते हुए घर पहुंच सेवा उपलब्ध किया गया है जिसमें अपनी पसंद की डिजाइन को खरीद कर पेमेंट आप घर से भी कर सकते हैं। इसके अलावा टोटल ऑनलाइन, चेक, एटीएम, डेबिट कार्ड एक्सेप्ट किया जाता है। सोनी ने बताया कि पुराने गहने को बिल्कुल नया बनाये वो भी बिना वजन घटे। ज्वेलरी की रिपेयरिंग की तत्काल सुविधा उपलब्ध है आगे दिवाली, त्यौहार सीजन को देखते हुए नई-नई डिजाइनों की विस्तार रेंज उपलब्ध है जिसमें ग्राहक अपने मनपसंद डिजाइन बुकिंग कर पसंद की जेवर शुभ मुहूर्त पर ले जाएं। ओम ज्वेलर्स के संचालक ने बताया कि हमारे यहां टोटल 916 (22 कैरेट)833 (20कैरेट )एवं 750(18कैरेट) के टोटल हॉलमार्क गहने उपलब्ध है। जिसमें भारत सरकार के द्वारा 6 अंकों का डिजिट कोड एच यू आईडी अंकित किया मिलेगा पूरे शहर में सबसे कम दाम पर उपलब्ध हैं जिसमें 0% चांदी की मेकिंग चार्ज एवं सोने पर जितना सोना उतना चांदी फ्री एवं न्यूनतम मजदूरी दर के साथ ग्राहकों को उपलब्ध किया जाता है। शादी के गहने की खरीदी पर दूल्हा एवं दुल्हन को स्पेशल टूरिस्ट बैग, इंपॉर्टेंट वॉच, जीतना सोना उतना चांदी फ्री ओम ज्वेलर्स की तरफ से प्रदान किया जाता है। हमारी शॉप में हमेशा ग्राहकों का अच्छी भीड़ रहती है। नए-नए डिजाइनों का हमेशा कलेक्शन उपलब्ध रहती है इसलिए आपको हमेशा लेटेस्ट फ्रेश डिजाइन व नई वैरायटी उपलब्ध रहती है। आप एक बार शॉप अवश्य पधारे।

### घुटने की जकड़न और पुरानी ऑस्टियोआर्थराइटिस से परेशान महिला को मिली राहत



**भिलाई।** चुनकट्टा-सेलूद निवासी आशा (परिवर्तित नाम), उम्र 63 वर्ष लंबे समय से घुटनों के दर्द, बार-बार नी लॉकिंग होने की समस्या से परेशान थीं। स्थिति ऐसी हो गई थी कि सामान्य रूप से चलना, सीढ़ियां चढ़ना-उतरना और दैनिक घरेलू कार्य करना भी कठिन हो गया था। कई स्थानों पर उपचार कराने के बाद भी अपेक्षित राहत नहीं मिलने पर उन्होंने आरोग्यवेदा हॉस्पिटल, उतई में विशेषज्ञ परामर्श लिया। यहां विस्तृत चिकित्सकीय मूल्यांकन के बाद उनकी स्वास्थ्य स्थिति के अनुरूप प्राकृतिक चिकित्सा, योग चिकित्सा, फिजियोथेरेपी, स्पाइन और जॉइंट केयर, चिकित्सकीय व्यायाम तथा व्यक्तिगत डाइट व लाइफस्टाइल परामर्श को सम्मिलित करते हुए समग्र उपचार योजना तैयार की गई। लगातार उपचार और चिकित्सकीय निर्देशों का पालन करने के पश्चात मरीज ने बताया कि घुटनों के दर्द, जकड़न तथा चलने-फिरने में पहले की तुलना में उल्लेखनीय सुधार महसूस हुआ है। अब वे अपने दैनिक कार्य अधिक सहजता से कर पा रही हैं। इंटीग्रेटेड स्पाइन एवं जॉइंट केयर विशेषज्ञ आरोग्यवेदा हॉस्पिटल डॉ. प्रेमलाल पटेल ने बताया कि घुटनों की पुरानी समस्याओं में केवल दर्द कम करना ही पर्याप्त नहीं होता, बल्कि जोड़ की कार्यक्षमता, मांसपेशियों की मजबूती, शरीर का संतुलन और जीवनशैली में सुधार भी आवश्यक होता है। सही समय पर मूल्यांकन और व्यक्ति-विशेष के अनुसार समग्र उपचार बेहतर परिणाम देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग
• मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग
• पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग
• अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार 19 जुलाई 2026
[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]




## खबर संक्षेप

### अवैध गांजा बेचने वाला अपचारी बालक बंदी

**भिलाई।** अवैध रुप से गांजा बेचने वाले अपचारी बालको को पुलिस ने पकड़ा है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि मुखबिर सूचना पर 2.210 किलोग्राम गांजा और स्कूटी के साथ अपचारी बालक को सेक्टर 6 से पकड़ा गया। गांजा की कीमत 2 लाख 240 रुपए आंकी गई है। गांजा रखकर गराहक की तलाश अपचारी बालक कर रहे थे। पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 2.210 किलोग्राम अवैध गांजा और स्कूली जब्त किया है।

### पिंक पेट्रोलिंग ने छेड़छाड़ करते दो युवकों को पकड़ा



**भिलाई।** महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए जिलेभर में पिंक पेट्रोलिंग अभियान शुरू की गई है। मामले में विद्यालय परिसर में मदिरा सेवन करने वाले दो आरोपी और छात्रा से छेड़छाड़, मारपीट, धमकी देने वाला एक आरोपी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने पचरीपारा दुर्ग निवासी मोनूदास मानिकपुरी,रावणभाठा सुपेला शेख साहिल, अंजोरा ग्राम खपरी आशीष कुमार यादव को पकड़ा गया है। इनके खिलाफ पुलिस ने धारा 78, 74, 126(2), 296, 115(2), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। आरोपियों के पास से दो पहिया वाहन जब्त किया है।

### हिरोइन के साथ दो युवकों को किया गिरफ्तार

**भिलाई।** हिरोइन तस्करी करते पुलिस ने दो युवकों को कार समेत गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना कोसानगर गांधी नगर, सुपेला में दबिश देकर हिरोइन (चिट्टा) के साथ पिलिया गली, शिव मंदिर के पास, केलाबाड़ी दुर्ग निवासी मोह. इम्तियात उर्फ सरफराज,तकिया पारा दुर्ग मोह. फैजान को पकड़ा गया। आरोपियों के पास से 8.85 ग्राम चिट्टा, मोबाइल, कार सीजी 07 सीवी 3587, दो मोबाइल जब्त किया है। मोह. इम्तियात उर्फ सरफराज के पास से 2.65 ग्राम हेरोइन 53 हजार और मोह. फैजान से 6.20 ग्राम हेरोइन बरामद किया गया। सामानों की कीमत 1.24 लाख रुपए आंकी गई।

### अब तक 331.5 मिलीमीटर बारिश हो चुकी, आज भी भारी बारिश की चेतावनी

# पूरे दिन छाई रही बदली, महज 21 मिमी हुई बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



दुर्ग जिले में शनिवार को दूसरे दिन पूरे दिनभर बदली छाई रही। सुबह थोड़ी देर के लिए बारिश हुई। जो पूरे जिलेभर में महज 21 मिलीमीटर रही। मौसम विभाग ने भारी बारिश की चेतावनी दी थी इसलिए ऐसी उम्मीद थी कि जमकर बारिश होगी। एक दिन पहले गुरुवार व शुक्रवार को 203.8 मिलीमीटर बारिश हुई थी। इस बारिश से दुर्ग जिले के 1.12 लाख किसानों को खेती-किसानी की उम्मीद जगा दी।

#### भारी बारिश की चेतावनी

मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों में मध्य और उत्तरी छत्तीसगढ़ के एक-दो स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश के साथ अधिकांश स्थानों पर वर्षा होने की संभावना है।ल के लिए पूर्वानुमान प्रदेश में अधिकांशमान परकीय वर्षा होने की संभावना है।ट्विनसिटी में 19 जुलाई को मध्यम वर्षा होने की संभावना है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान 28 और 24 के रहने की संभावना है। प्रदेश में एक से स्थानों पर भारी में वर्षा तथा गरज- चमक के साथ बज्रपात होने की संभावना है। दो दिनों के बाद अधिकांश स्थान पर मध्यम वर्षा होने की संभावना है। एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा तथा गरज चमक के साथ वज्रपात होने की संभावना है।

#### अब तक जिले में 331.5 मिलीमीटर बारिश दर्ज

जिले में 1 जून 2026 से 18 जुलाई तक 331.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सर्वाधिक वर्षा 459.1 मिमी तहसील बोरी में तथा न्यूनतम 228.0 मिमी. तहसील धमधा में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील दुर्ग में 357.3 मिमी, तहसील पाटन में 359.4 मिमी, तहसील भिलाई-3 में 302.1 मिमी और तहसील अहिवारा में 283.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 18 जुलाई को तहसील दुर्ग में 1.3 मिमी, तहसील धमधा में 7.9 मिमी, तहसील पाटन में 1.6 मिमी, तहसील बोरी में 5.0 मिमी, तहसील भिलाई-03 में 2.4 मिमी और तहसील अहिवारा में 3.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

#### ऐसा है सिप्नोस्टिक सिस्टम

मौसम विभाग के मुताबिक समुद्र तल पर मॉनसून दोणिका अब अमृतमर, कारजाल, हरजाई, रांची और रीघा से होकर गुजर रही है और वहाँ से दक्षिण-पूर्व की ओर उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी की तरफ बढ़ रही है, यह समुद्र तल से 0.9 किलोमीटर की ऊँचाई तक फैली हुई है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के ऊपर समुद्र तल से 15 से 3.1 कि मी की ऊंचाई के बीच ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है।दक्षिण ओडिशा और उसके आस-पास के क्षेत्रों में समुद्र तल से 5.8 किलोमीटर की ऊचाई पर ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण स्थित है।

## रूंगटा यूनिवर्सिटी के शोध को सफलता अंतरराष्ट्रीय जर्नल ऑफ ड्रग डिलीवरी साइंस एंड टेक्नोलॉजी में हुआ प्रकाशित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ब्रेन कैंसर के इलाज में सबसे बड़ी मुश्किल यह होती है कि दवा शरीर में जाने के बाद भी पूरी तरह दिमाग तक नहीं पहुंच पाती। इसी वजह से कई बार इलाज का असर उम्मीद के मुताबिक नहीं मिल पाता। अब इस समस्या का समाधान खोजने की दिशा में वैज्ञानिकों ने बड़ी सफलता हासिल की है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान, अजमेर और रूंगटा यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंस एंड रिसर्च के वैज्ञानिकों ने नई तकनीक विकसित की है, जो कैंसर की दवा को पहले से बेहतर तरीके से मस्तिष्क तक पहुंचाने में मदद कर सकती है। इस शोध को अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक जर्नल ऑफ ड्रग डिलीवरी साइंस एंड टेक्नोलॉजी में प्रकाशित किया गया है। यह रिसर्च सेंट्रल यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. उमेश गुप्ता, राकेश साहू और रूंगटा यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉ. एजाजुद्दीन एवं अन्य शोधार्थियों ने मिलकर की है।

■ हार्ट और किडनी को डैमेज किए बिना सीधे दिमाग तक पहुंचेगी ब्रेन कैंसर की दवा

#### कैसे काम करती है नई तकनीक

ब्रेन कैंसर दुनिया के सबसे गंभीर कैंसरों में माना जाता है। डॉक्टरों के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह रहती है कि मस्तिष्क के चारों ओर मौजूद प्राकृतिक सुरक्षा परत कई दवाओं को अंदर जाने से रोक देती है। ऐसे में मरीज को दवा देने के बाद भी उसका पूरा फायदा नहीं मिल पाता। यही वजह है कि वैज्ञानिक लंबे समय से ऐसी तकनीक विकसित करने में जुटे थे, जिससे दवा सही जगह तक पहुंच सके। रूंगटा कॉलेज के शोधकतार्ओं ने इसी दिशा में काम करते हुए दवा पहुंचाने का एक नया तरीका तैयार किया। इस तकनीक में कैंसर की दवा को एक बेहद छोटे वाहक के साथ जोड़ा गया। इसका फायदा यह मिला कि दवा लंबे समय तक शरीर में सक्रिय रही और पहले की तुलना में अधिक मात्रा में मस्तिष्क तक पहुंच सकी। शुरुआती प्रयोगों में यह तरीका सामान्य दवा की तुलना में अधिक प्रभावी भी साबित हुआ।

#### नई तकनीक का होगा ट्रायल

शोध के दौरान यह भी सामने आया कि नई तकनीक से दवा का असर कैंसर कोशिकाओं पर ज्यादा प्रभावी रहा। साथ ही दवा का अनावश्यक असर शरीर के अन्य महत्वपूर्ण अंगों, जैसे हृदय और किडनी पर कम देखा गया। इससे भविष्य में इलाज को अधिक सुरक्षित बनाने की संभावना भी बढ़ी है। हालांकि वैज्ञानिकों का कहना है कि यह अभी शुरुआती शोध है और इसे मरीजों के इलाज में शामिल करने से पहले आगे कई और परीक्षण किए जाएंगे।

#### एनीमल पर हुआ शुरुआती ट्रायल

शोध के दौरान प्रयोगशाला में कैंसर कोशिकाओं और पशुओं पर किए गए परीक्षणों में उत्साहजनक नतीजे मिले। नई तकनीक से दवा सामान्य दवा की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक समय तक शरीर में सक्रिय रही। साथ ही यह दवा धीरे-धीरे करीब 48 घंटे तक असर करती रही और अधिक मात्रा में मस्तिष्क तक पहुंची। इसके कारण कैंसर कोशिकाओं पर दवा का प्रभाव बेहतर मिला।

## एमसीटीएम एक्सप्रेस में तकनीकी खराबी यात्रियों ने तीन बार की चेन पुलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शनिवार की सुबह उधमपुर से दुर्ग पहुंची शहीद कैप्टन तुषार महाजन (एमसीटीएम) दुर्ग सुपरफास्ट एक्सप्रेस में तकनीकी खराबी के कारण यात्रियों को पूरी रात परेशानी झेलनी पड़ी। ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्री के मुताबिक जब काफी देर तक समस्या दूर नहीं हुई तो सभी ने रेलवे कर्मियों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद भी राहत नहीं मिलने पर रास्ते में तीन बार चेन पुलिंग कर ट्रेन रोकी गई।

हर बार रेलवे कर्मी तकनीकी खराबी ठीक करने की कोशिश की, लेकिन एसी और लाइट की समस्या ठीक नहीं हो पाई। ट्रेन चलने के कुछ ही देर बाद कई कोचों की एसी और लाइट बंद हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक कोचों में गर्मी और उमस बढ़ गई। परेशान यात्रियों ने रास्ते में तीन बार चेन पुलिंग कर ट्रेन रुकवाई। रेलवे कर्मियों ने हर बार खराबी दूर करने का प्रयास किया। लेकिन व्यवस्था नहीं सुधर पाई। उसलापुर तक सफर करने वाले यात्री ने पूरी घटना का वीडियो बनाकर शेयर किया है। वीडियो में कोच के अंदर अंधेरा, गर्मी से परेशान यात्री, खड़ी महिलाएं और तकनीकी खराबी ठीक करने में जुटे रेलवे कर्मी दिखाई दे रहे थे। वीडियो वायरल होने के बाद यात्रियों की परेशानी चर्चा की विषय बन गई है। ट्रेन 20848 गुरुवार-शुक्रवार की रात करीब 12.10 बजे जम्मू-कश्मीर के उधमपुर स्थित शहीद कैप्टन तुषार महाजन स्टेशन से रवाना हुई थी। ट्रेन चलने के करीब आधे घंटे बाद ही एसी और लाइट बंद हो गई। कोचों में अंधेरा और गर्मी बढ़ने लगी। सबसे ज्यादा दिक्कत महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को हुई। कई यात्री पूरी रात सो नहीं सके। कुछ लोग अपनी बर्थ छोड़कर कोच के दरवाजे और गेट के पास खड़े रहे ताकि थोड़ी हवा मिल सके।



■ शहीद कैप्टन तुषार महाजन सुपर फास्ट एक्सप्रेस में

#### डेढ़ घंटे लेट दुर्ग पहुंची ट्रेन, यात्री परेशान

यात्रियों ने सिर्फ ट्रेन कर्मियों से शिकायत ही नहीं की, बल्कि रेलवे के टोल फ्री नंबर पर तक कई बार कॉल किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी शिकायत दर्ज कराई गई। बावजूद सफर कर रहे यात्रियों की परेशानी पूरी रात भर थी। यात्रियों का आरोप है कि झांसी के बाद कुछ सुधार हुआ, लेकिन इसके बाद फिर एसी और लाइट ठीक तरह से काम नहीं किया। पूरी रात एसी और लाइट बंद रही। ट्रेन में पानी तक की सही व्यवस्था नहीं थी। यात्रियों ने कई बार शिकायत, ट्वीट और टोल फ्री नंबर पर कॉल भी किया। जब कोई राहत नहीं मिली तो तीन बार चेन पुलिंग कर ट्रेन रोकनी पड़ी। तकनीकी खराबी और बार-बार ट्रेन रुकने का असर समय पर भी पड़ा। उधमपुर से दुर्ग आने वाली यह सुपरफास्ट एक्सप्रेस अपने तय समय से करीब डेढ़ घंटे की देरी से शनिवार सुबह दुर्ग स्टेशन पहुंची। यात्रियों ने रेलवे से मांग की है कि लंबी दूरी की ट्रेनों में ऐसी स्थिति दोबारा न हो, इसके लिए तकनीकी जांच और रखरखाव की व्यवस्था होनी चाहिए।

## शराब का कारोबार करने वाले 21 को पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



शराब का अवैध कारोबार करने वाले 21 लोगों को 11 थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। एएसपी मणी शंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर 18 अलग-अलग क्षेत्रों से शराब तस्करों को पकड़ा गया। पुलिस ने नंदिनी नगर बिरेभाठ निवासी प्रमिला बाई,ग्राम कोमा रनचिरई उतई जागेश्वर प्रसाद गायकवाड़, पहडोंर सतीश कुमार यादव,रूपनारायण वर्मा, राजकुमार ठाकुर, सुमन विश्वकर्मा, परसाही उतई देवेन्द्र कुर्रे उर्फ गोलू, बावापारा उतई लीलाधर साहू,बसंत ठाकुर, कुमली जामगांव आर कुनाल उर्फ कुन्दन साहू,गराम सांकरा अमलेश्वर तिलक सिंगौर,ग्राम ढौर जामुल तोप सिंह, कसारीडीह पदमनाभपुर तन्नू झा,बब्बर मरकाम, देवार नेवई बस्ती विजय तेलासी, चंदखुरी पुलगांव सोमेश चन्द्राकर,बघेरा दुर्ग मुकेश चौधरी, सराथी मोहल्ला दुर्ग हरीश सारथी, दानीकोकड़ी, धमधा नोहर निषाद, सिरनाभाठा, धमधा ओमकार तिवारी, चिंगरीपारा, सुपेला कन्हैया चौहान को गिरफ्तार किया है। तस्करों के पास से 590 पौवा अवैध शराब, जिसकी कीमत 60 हजार 550 और 9 वाहन, की कीमत 4.50 लाख 550 रुपए की जब्त हुई है। पुलिस ने नंदिनी नगर, उतई, जामगांव (आर), अमलेश्वर, जामुल, पद्मनाभपुर, नेवई, पुलगांव, दुर्ग, धमधा, सुपेला थाना क्षेत्र से तस्करों को पकड़ा है।

## शाला प्रवेशोत्सव में पहुंचेंगे सीएम व शिक्षा मंत्री

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 20 जुलाई को राज्य स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम दुर्ग जिले के पाटन विकासखण्ड के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला जामगांव (एम) के प्रांगण में आयोजित होगा। इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री एवं अतिथियों द्वारा शाला में प्रवेश लेने वाले नवप्रवेशी बच्चों का आत्मीय स्वागत किया जाएगा।

### स्कूलों, संस्थाओं, पुलिस, उद्योग और सामाजिक संगठनों को जोड़ा जाएगा

# खून की कमी से निपटने की तैयारी, संस्थाओं को जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग मदर ब्लड बैंक में खून की कमी और जरूरतमंद मरीजों को समय पर खून नहीं मिल पर जिला प्रशासन खुद मैदान में उतर आया है। दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह ने इस गंभीर मुद्दे पर हाई लेवल बैठक बुलाकर बड़ा फैसला लिया है। अब जिले में बड़े पैमाने पर स्वैच्छिक रक्तदान अभियान चलाया जाएगा। स्कूल, कॉलेज, पुलिस विभाग, उद्योग, सामाजिक संस्थाएं, प्रेस क्लब, अधिवक्ता संघ और सरकारी कार्यालयों को रक्तदान शिविर लगाने की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। कलेक्टर से साफ कहा है कि जिले के ब्लड बैंक में पर्याप्त रक्त उपलब्ध रहे, ताकि किसी भी मरीज की जान सिर्फ खून की कमी से न जाए।




जिले में रक्त की उपलब्धता बढ़ाने और जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला दुर्ग के अध्यक्ष अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक और इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के अधिकारियों के साथ विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिले में स्वैच्छिक रक्तदान को जनआंदोलन का स्वरूप देने के लिए सामाजिक संस्थाओं, शैक्षणिक संस्थानों, पुलिस विभाग, शासकीय कार्यालयों, कर्मचारी संगठनों, राजनीतिक दलों, प्रेस क्लब, अधिवक्ता संघ और औद्योगिक संस्थानों के सहयोग से नियमित रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। बैठक में मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी व सचिव इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला दुर्ग डॉ. मनोज दानी, पाटणकर जिला प्रबंध समिति के चेयरमैन डॉ. शरद पाटणकर, रेडक्रॉस सोसायटी के नोडल अधिकारी डॉ. सीबीएस बंजारे, जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक के प्रभारी अधिकारी डॉ. एसआर चुरेंद्र आदि उपस्थित थे।

#### एक साल में 9062 यूनिट रक्त संग्रहित

अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक जिला अस्पताल दुर्ग के मदर ब्लड बैंक में कुल 9,062 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया था। रक्त संग्रह बढ़ाने के लिए इस दौरान 64 रक्तदान शिविर भी आयोजित किए गए। ब्लड बैंक के आंकड़ों के अनुसार स्वैच्छिक रक्तदाताओं से 5,044 यूनिट रक्त प्राप्त हुआ, बाहर लगाए गए रक्तदान शिविरों से 3,770 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

#### कलेक्टर ने संस्थाओं से मांगा सहयोग

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि प्रत्येक संस्था अपने सुविधा अनुसार जिला चिकित्सालय दुर्ग के ब्लड बैंक अथवा अपने परिसर में रक्तदान शिविर आयोजित कर सकती है। शिविरों में लोगों को यह भी बताया जाएगा कि कौन रक्तदान कर सकता है, रक्तदान के क्या लाभ हैं और किन सावधानियों का पालन करना आवश्यक है। बैठक में रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया, ताकि अधिक से अधिक लोग स्वेच्छा से रक्तदान के लिए आगे आएं और जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, रविवार 19 जुलाई 2026
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

लाइव इवेंट

## ई-सेवाओं के जुड़े सभी सेवा सेतु प्रबंधकों और ऑपरेटरों का दिया प्रशिक्षण




**दुर्ग।** जिला मुख्यालय स्थित पीडब्ल्यूडी मीटिंग हॉल दुर्ग में सेवा पोर्टल में नवीन ई-सेवाओं के संबंध में जिले के सभी सेवा सेतु प्रबंधकों और ऑपरेटरों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। साथ ही प्रशिक्षण में नगरीय निकायों के अधिकारी कर्मचारी एवीएम खाद्य विभाग के राशन कार्ड प्रभारी द्वारा सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से प्रारंभ हुए नवीन राशन कार्ड की सेवाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। जिसका उद्देश्य सेवा सेतु केंद्रों के माध्यम से नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न शासकीय सेवाओं की जानकारी एवं उनके समयबद्ध निराकरण की प्रक्रिया से अवगत कराना था।प्रशिक्षण के दौरान ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर श्रुति अग्रवाल एवं जिला समन्वयक ऋचा सिंह बघेल द्वारा सेवा सेतु पोर्टल पर संचालित विभिन्न सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने सेवा सेतु प्रबंधकों एवं ऑपरेटरों को जाति प्रमाण पत्र से संबंधित आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज, पात्रता एवं समयबद्ध निराकरण की जानकारी प्रदान की। पोर्टल में उपलब्ध प्रमुख सेवाए जैसे ग्राम पंचायत की विभिन्न सेवाएं, विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र, सफाई व्यवस्था ,स्ट्रीट बल्ब लगाना ,भवन अनुज्ञा ,नल कनेक्शन, राजपत्रित गजट आर्डर नाम परिवर्तन, खाद्य विभाग की सेवाएं जैसे राशन कार्ड में नया सदस्य जोड़ना एवं सदस्य का नाम हटाना (विलोपन), एपीएल, बीपीएल रेशन्यू कार्ड, न्यू इंश्योरेंस ऑफ ट्रेड लाइसेंस, आईटीआई सीएलजी का स्थानांतरण प्रमाण पत्र ,पॉलिटेक्निक बसह की सेवाएं सहित 442 सेतु पोर्टल पर उपलब्ध है। कुछ सेवाएं अन्य विभाग से रि-डायरेक्ट किया गया है, कुछ सेवा पोर्टल के माध्यम से जारी किया जा रहा है। सभी विभागीय सेवाओं की ऑनलाइन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज एवं आवेदन की संपूर्ण जानकारी प्रशिक्षण के दौरान साझा की गई। तहसीलदार दुर्ग क्षमा यदु ने सेवा सेतु प्रबंधकों एवं ऑपरेटरों को जाति निवासी जैसी राजस्व सेवाओं में दस्तावेजों के संबंध में जानकारी दी। एवीएम सभी को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों में केवल स्पष्ट एवं प्रमाणित दस्तावेज ही अपलोड किए जाएं, जिससे प्रकरणों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण हो सके। उन्होंने कहा कि सेवा सेतु केंद्र शासन की सेवाओं को आम नागरिकों तक सरल, सुगम एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाने का प्रभावी माध्यम हैं। प्रशिक्षण में कुल 225 सेवा सेतु प्रबंधकों एवं ऑपरेटरों उपस्थित हुए जिन्होंने विभिन्न सेवाओं से संबंधित प्रश्नों का समाधान प्राप्त किया तथा नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक तकनीकी एवं प्रक्रियात्मक जानकारी हासिल की।



लाइव इवेंट

## ऑपरेशन सिंदूर की याद में लगे पौधों की देखभाल का दिया संदेश, सांसद ने सिंदूर उद्यान में किया



**भिलाई।** भारतीय सेना द्वारा दुश्मन देश पर किए गए ऑपरेशन सिंदूर की याद में दुर्ग सांसद विजय बघेल के नेतृत्व में आर्टकॉम एवं भिलाई इस्पात संयंत्र ऑफिसर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में भिलाई सेक्टर-5 स्थित सिंदूर उद्यान में सिंदूर के पौधे लगाए गए थे। इसी कड़ी में सांसद विजय बघेल ने मॉर्निंग ग्रुप के साथियों के साथ उद्यान पहुंचकर श्रमदान किया और अस्त-व्यस्त हो चुके उद्यान को पुनः सुंदर एवं सुव्यवस्थित करने का संदेश दिया। निरंतर हो रही बारिश के बावजूद सांसद छतरी का उपयोग करते हुए उद्यान पहुंचे। स्वच्छता अभियान के तहत उद्यान में लगे खरपतवारों को उखाड़ा गया और खाली स्थानों पर सांसद द्वारा पुनः सिंदूर के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि पौधारोपण केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि पौधों का संरक्षण और नियमित देखभाल भी उतनी ही आवश्यक है। यदि प्रत्येक नागरिक एक पौधा लगाकर उसकी जिम्मेदारी निभाए तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित वातावरण मिल सकेगा।

कार्यक्रम के दौरान आर्टकॉम के संचालक निशु पाण्डेय ने सांसद से सिंदूर उद्यान में तीनों सेना की वर्दी धारण किए सैनिक एवं हमारी पृथ्वी मिसाइल का डमी रूप स्थापित किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि इससे उद्यान को देखने दूर-दूर से लोग आएंगे और ऑपरेशन सिंदूर की याद भी जीवंत रहेगी।

इस अवसर पर करमजीत सिंह, शारदा गुप्ता, श्रीराम, पर्यावरण मित्र मंडल के बालुराम वर्मा, लिलेश देशमुख, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, नासिर खान, गोपाल कृष्ण वर्मा, प्रकाश सांवत, भागचंद जैन, राजेश जैन, कमलेश दुबे, रजनीकांत अग्रवाल, विश्वरतन सिन्हा, मनोज गुप्ता, विशालदीप नायर, दशरथ भोई, विक्रांत ठाकुर सहित मॉर्निंग वॉक समूह के अनेक सदस्य, भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारी, सहयोगी एवं पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे।

● जगन्नाथ समिति, सेक्टर-4 के तत्वाधान में आयोजित नौ दिवसीय रथयात्रा महोत्सव में उमड़ रहा भक्तों का जनसैलाब

# महाप्रभु जगन्नाथ का राज वेश श्रृंगार और सुरमयी भजनों से भाव विभोर हुए श्रद्धालु, ओड़िया व हिंदी भजनों की प्रस्तुति पर झूमे श्रोता

भिलाई। ट्विनसिटी में जगन्नाथ समिति, सेक्टर-4 के तत्वाधान में सेक्टर-10 में निर्मित गुण्डिचा मंडप में महाप्रभु जगन्नाथ स्वामी का रथयात्रा महोत्सव पूरी श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। महोत्सव की कड़ी में प्रतिदिन महाप्रभु का विशेष श्रृंगार, विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ और सांस्कृतिक व भजन संध्या का नियमित आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर भक्ति रस का आनंद ले रहे हैं।

रथ महोत्सव के विशेष क्रम में शनिवार को भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा का अलौकिक राज वेश में श्रृंगार किया गया। महाप्रभु के इस दिव्य रूप के दर्शन के लिए सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। इसके साथ ही बालाजी मंदिर सेक्टर-5 के सदस्यों द्वारा पूरी श्रद्धा के साथ विष्णु सहस्त्रनाम का सस्वर पाठ किया गया, जिससे पूरा परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो उठा।

### भक्ति संगीत की सुरमयी संध्या ने बांधा समां

महोत्सव के दौरान आयोजित सांस्कृतिक संध्या में सुर समर्पण ग्रुप के कलाकारों ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुतियों से दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। प्रकाश देवांगन के नेतृत्व में ग्रुप के मुख्य कलाकार दिलीप साहू, विश्व बंधन नाथ, राहुल किशन, निकिता साहू, अंकिता साहू और अजय आदि ने एक से बढ़कर एक हिंदी व पारंपरिक ओड़िया भजनों की प्रस्तुति देकर मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस संगीत कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन के मुख्य प्रबंधक अजय रावल और जगन्नाथ समिति के महासचिव सत्यवान नायक विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा कार्यक्रम के संचालन के लिए सभी गायक कलाकारों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सांस्कृतिक संयोजन त्रिनाथ साहू और रंजन महापात्र और मंच व्यवस्था वृंदावन स्वाईं ने संभाला।





### महोत्सव में दे रहे योगदान

रथ यात्रा के इस आयोजन में जगन्नाथ समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र सतपथी, महासचिव सत्यवान नायक के नेतृत्व में पूरी टीम सक्रिय भूमिका निभा रही है।

समिति के पदाधिकारी त्रिनाथ साहू, भीम स्वांई, अनाम नाहक, डी त्रिनाथ, बसंत प्रधान, बी सी बिस्वाल, वृंदावन स्वाईं, सुशांत सतपथी, कालू बेहेरा, प्रकाश स्वांई, कवि बिस्वाल, जगन्नाथ पटनायक, बीस केशन साहू, राजू बेहेरा, सीमांचल बेहेरा, वी के होता, कैलाश पात्रो और एस दलाई सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिक व बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस धार्मिक अनुष्ठान में अपना योगदान दे रहे हैं।

### सेवारत्न सम्मान से संजय मिश्रा सम्मानित

श्री जगन्नाथ मंदिर सेक्टर-4 समिति द्वारा समारोह में समाज और धर्म के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले समाजसेवी संजय मिश्रा को उनके उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए सेवारत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। समिति दवरा यह सम्मान किसी व्यक्ति के दवरा औद्योगिक विकास को नई दिशा देने, युवाओं में रोजगार सृजन करने या फिर मंदिरों के समुचित संरक्षण व धर्म जागरण के लिए खुद को समर्पित करने के लिए प्रतिवर्ष समाज के किसी प्रबुद्ध व्यक्तित्व को दिया जाता है। इस साल इन सभी मानकों पर खरा उतरते हुए संजय मिश्रा का चयन इस गौरवशाली सम्मान के लिए किया गया।



## भारत सरकार के भारतवाणी प्रोजेक्ट में डॉ. रेशमा की दो पुस्तकें चयनित



**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के गृहविज्ञान विभाग की प्राध्यापक डॉ. रेशमा लाकेश द्वारा स्नातक स्तर के विद्यार्थियों के लिए लिखी गई दो पुस्तकें तनाव प्रबंधन एवं मूल पोषण का चयन भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत उच्च शिक्षा विभाग द्वारा स्थापित भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर द्वारा संचालित भारतवाणी परियोजना के अंतर्गत हुआ है। यह उपलब्धि न केवल डॉ. लाकेश के लिए बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का विषय है। भारतवाणी परियोजना के अंतर्गत पूरे भारत वर्ष के प्राध्यापकों, लेखकों एवं वैज्ञानिकों द्वारा हिंदी भाषा में लिखी विषय आधारित पुस्तकों को विद्यार्थियों एवं आम जनमानस तक पठन-पाठन के लिए उपलब्ध कराने के लिए भारत सरकार द्वारा यह पोर्टल तैयार किया गया है। इस परियोजना के तहत विषय आधारित पुस्तकें भारतीय भाषाओं में पीडीएफ फॉर्मेट में उपलब्ध कराई जाती हैं। डॉ. रेशमा लाकेश की दोनों पुस्तकें भी अब इसी पोर्टल पर राष्ट्रीय स्तर पर विद्यार्थियों के लिए सुलभ होंगी। डॉ. रेशमा लाकेश छत्तीसगढ़ में गृहविज्ञान विषय की प्रथम प्राध्यापिका हैं, जिनकी पुस्तकों को भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीन संचालित केंद्रीय भाषा संस्थान, मैसूर की परियोजना भारतवाणी में शामिल किया गया है। शिक्षण अनुभव के साथ डॉ. लाकेश ने अनुसंधान कार्य एवं शोध निर्देशन भी किया है। उन्होंने अनेक अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय शोध प्रकाशन एवं प्रस्तुतीकरण किए हैं। अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित डॉ. रेशमा लाकेश की अब तक 13 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। इसके साथ ही उन्हें 13 पेटेंट डिजाइन, 3 पेटेंट प्रकाशन एवं 4 कॉपीराइट भी प्राप्त हैं। डॉ. लाकेश की इस उपलब्धि पर पूरे महाविद्यालय परिवार ने बधाई दी है।

## श्रद्धा,भक्ति और उत्साह से उत्कल समाज ने बांटा मूंग, चना और सेव-बूंदी का प्रसाद

**भिलाई।** नव चेतना पश्चिम उत्कल गांडा समाज, भिलाई–चरोदा के तत्वावधान में भगवान जगन्नाथ मंदिर, रेल नगर चरोदा से भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा की रथयात्रा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ निकाली गई। इस अवसर पर समिति ने मूंग-चना और सेव-बूंदी की प्रसादी का वितरण किया गया। मुख्य रूप से अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडा थे।

विधायक कोर्सेवाडा ने कहा कि भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, सामाजिक समरसता और सेवा भावना का महान पर्व है। भगवान जगन्नाथ सभी को साथ लेकर चलने का संदेश देते हैं। ऐसे आयोजन समाज में भाईचारा, प्रेम और एकता को सुदृढ़ करते हैं। भाजपा जिला भिलाई के प्रवक्ता प्रेम लाल साहू ने



कहा कि भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा हमारी सनातन संस्कृति की गौरवशाली परंपरा का प्रतीक है। भगवान का रथ सभी वर्गों, समाजों और संस्कृतियों को एक सूत्र में पिरोने का संदेश देता है। इस दौरान उप नेता प्रतिपक्ष चंद्र प्रकाश पांडेय, भाजपा चरोदा मंडल अध्यक्ष गौरीशंकर, विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, रवि नाहर, महेश सोना, गीता वर्मा, उषा चौहान, प्रमिला तांडी और मीना साव मौजूद थे।

अधिकांश ब्लड बैंक और स्टोरेज यूनिट नहीं कर रहे रोजाना अपडेट

कार्नर न्यूज

# मरीजों को आपातकाल में कैसे मिले खून? रोज अपडेट का नियम फिर भी वेबसाइट पर पुराना डेटा, 19 में सिर्फ 5 सेंटर कर रहे अपडेट

सुवांकर रॉय ▶▶| दुर्ग

किसी मरीज की जान बचाने के लिए समय पर खून मिलना सबसे बड़ी जरूरत होती है, लेकिन दुर्ग जिले में रक्त उपलब्धता की जानकारी देने वाली आधिकारिक व्यवस्था ही सवालों के घेरे में है। जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर सरकारी और निजी अस्पतालों के कुल 19 ब्लड सेंटर सूचीबद्ध हैं। इनमें 10 ब्लड बैंक और 9 ब्लड स्टोरेज यूनिट शामिल हैं। इनमें से मात्र 5 सेंटर द्वारा नियमित अपडेट किया जा रहा है। नियम के अनुसार सभी केंद्रों को रोजाना उपलब्ध रक्त की जानकारी अपडेट करनी होती है, ताकि जरूरत पड़ने पर लोग तुरंत पता कर सकें कि किस अस्पताल में कौन सा ब्लड ग्रुप उपलब्ध है लेकिन हकीकत इससे बिल्कुल अलग है।

सरकारी अस्पतालों और तीन निजी संस्थानों को छोड़ दें तो अधिकांश केंद्र रक्त की उपलब्धता का डेटा लंबे समय से अपडेट नहीं हो रहा हैं। इसका सबसे बड़ा खामियाजा मरीजों और उनके परिजनों को भुगतना पड़ सकता है। आपात स्थिति में वे एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल तक भटकते हैं, जबकि यदि जानकारी समय पर अपडेट हो तो कीमती समय बचाया जा सकता है। रक्तदान और रक्त उपलब्धता को लेकर बड़े-बड़े अभियान




चलाए जाते हैं, लेकिन यदि ऑनलाइन जानकारी ही सही और समय पर उपलब्ध न हो, तो पूरी व्यवस्था की उपयोगिता पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

जरूरत इस बात की है कि जिले के सभी ब्लड बैंक और ब्लड स्टोरेज यूनिट को नियमित रूप से रक्त उपलब्धता का डेटा अपडेट करने के लिए जवाबदेह बनाया जाए, ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर सही जानकारी मिल सके और उनकी जान बचाई जा सके। वेबसाइट के अनुसार मदर ब्लड बैंक जिला अस्पताल दुर्ग, शंकराचार्य ब्लड सेंटर जुनवानी, चंदूलाल मेडिकल कॉलेज कचांदुर, चन्दूलाल चन्द्राकर ब्लड सेंटर नेहरू नगर और आशीर्वाद ब्लड बैंक में रक्त की उपलब्धता का नियमित अपडेट किया जा रहा है।

### इन सेंटरों द्वारा नहीं किया जा रहा बल्ड उपलब्धता का नियमित अपडेट

| ब्लड स्टोरेज यूनिट / बैंक | अंतिम अपडेट |
|---|---|
| सिविल अस्पताल सुपेला | 07/07/2025 |
| सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धमधा | 15/04/2026 |
| सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुम्हारी | 15/04/2026 |
| सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अहिवारा | 15/04/2026 |
| सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोरी | 15/04/2026 |
| सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन | 01/03/2026 |
| सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झीट | 08/08/2025 |
| सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निकुम | 30/01/2025 |
| सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतई | 24/11/2025 |
| ब्लड सेंटर जेएलएनएच | 30/04/2026 |
| बालाजी ब्लड सेंटर भिलाई | 23/05/2026 |
| मित्तल ब्लड सेंटर भिलाई | 12/07/2026 |
| सन्ना ब्लड सेंटर भिलाई | 10/06/2026 |

### प्रतिदिन करना है अपडेट

सभी सेंटरों को रक्त की उपलब्धता की जानकारी प्रतिदिन अपडेट करना चाहिए।लोगों को पता होना चाहिए कि कौन से सेंटर में कौन सा ब्लड ग्रुप मौजूद हैं। जरूरत के समय इमरजेंसी में रक्त की उपलब्धता की जानकारी काम आ सके। मरीज के परिजनों को ब्लड के लिए भटकना न पड़े।

## सिटी इवेंट

# 50 विशेष बच्चों को लर्निंग एवं स्किल किट का किया वितरण



**भिलाई।** नोबैक्टो फाउंडेशन ने मुस्कान स्कूल में मानसिक और शारीरिक रूप से दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस आयोजन में लगभग 50 बच्चों को उनके शैक्षणिक विकास और कौशल संवर्धन में सहायक लर्निंग टूल्स एवं स्किल किट्स प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मुस्कान स्कूल के प्रधानाचार्य किशोर साहू, नोबैक्टो फाउंडेशन के निदेशक मयंक साटकर और यीशु बंछोर तथा मुख्य अतिथि के रूप में वीडियो ब्लॉगर और इन्फ्लुएंसर लेखा बंछोर उपस्थित रहीं। संस्था के निदेशकों ने बताया कि वे बच्चों को ऐसी सामान्य वस्तुएं नहीं देना चाहते थे जो उनके किसी काम न आएं, इसलिए उन्होंने बच्चों की विशेष आवश्यकताओं, उनके इंटरेस्ट और कौशल विकास को ध्यान में रखते हुए बहुत सोच-समझकर और विधिवत तरीके से इन उपयोगी किट्स को व्यवस्थित किया और वितरित किया। किट वितरण के दौरान बच्चों के चेहरों पर अद्भुत मुस्कान थी और वे खुशी से झूम उठे। इस खुशनुमा माहौल में नोबैक्टो की पूरी टीम ने बच्चों के साथ मिलकर नृत्य किया, वहीं बच्चों ने भी उत्साह के साथ सुंदर गीत सुनाकर सबका मन मोह लिया। इन्फ्लुएंसर लेखा बंछोर ने कहा कि ऐसे बच्चों के साथ समय बिताना और उनके भविष्य निर्माण में योगदान देना एक अत्यंत सुखद और प्रेरणादायक अनुभव है। उन्होंने समाज के अन्य प्रभावशाली लोगों से भी अपील की कि वे आगे आएं और ऐसी सार्थक गतिविधियों का हिस्सा बनें।

## एजुकेशन लाइव

# नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत, छात्र संघ के पदाधिकारियों को दिलाई शपथ



**दुर्ग।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम पुरई में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर थे। विधायक चंद्राकर ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, पुष्प भेंट कर आत्मीय स्वागत करते हुए नए शैक्षणिक सत्र के लिए सभी बच्चों को बधाई व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कक्षा 6 से 12वीं तक प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही नवनिर्वाचित छात्र संघ के पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाकर उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि विद्यार्थी जीवन ही भविष्य की मजबूत नींव है। उन्होंने सभी बच्चों से आग्रह किया कि अनुशासन, लगन और मेहनत के साथ अध्ययन करें। अपने माता-पिता, गुरुजनों और विद्यालय का नाम रोशन करें। आपका ज्ञान, संस्कार और परिश्रम ही आपको जीवन में सफलता के शिखर तक पहुंचाएगा। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर, मंडल महामंत्री एवं नवनियुक्त एल्डरमेन चंदू देवांगन, ग्राम सरपंच डोमार साहू, सांसद प्रतिनिधि छबीलाल साहू, विधायक प्रतिनिधि प्रशांत सिंह, मिलाऊं राम ओझा, पंच ममता देवांगन, पंच सतरूपा साहू, प्राचार्य डॉ. कृष्णा अग्रवाल सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



## डॉ. मनराखन स्मृति समारोह और युवा महोत्सव आज



**भिलाई।** साहू मित्र सभा भिलाई नगर के तत्वावधान में स्व. डॉ.मनराखन लाल साहू स्मृति समारोह और युवा महोत्सव 19 जुलाई को सुबह 10 बजे से साहू सांस्कृतिक सदन सुपेला आयोजित है। स्व. डॉ. मनराखन लाल साहू स्मृति समारोह में मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल की पत्नी रजनी बघेल होंगी। अध्यक्षता छग प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. नीरेन्द्र साहू करेंगे। प्रमुख अतिथि पूर्व केबिनेट मंत्री ताम्रध्वज साहू होंगे। दोपहर 1 बजे से आयोजित युवा महोत्सव के मुख्य अतिथि संयोजक युवा प्रकोष्ठ प्रदेश साहू संघ रायपुर शशिकांत साहू होंगे। अध्यक्षता संयोजक युवा प्रकोष्ठ जिला साहू संघ भिलाईनगर दिनेश साहू करेंगे। प्रमुख अतिथि सभापति भिलाई निगम गिरवर बंटी साहू होंगे। साहू मित्र सभा भिलाई नगर के अध्यक्ष खेदराम साहू ने बताया कि इस मौके पर सांसद निधि से निर्मित स्व. डॉ. मनराखन लाल साहू सभागार का लोकार्पण व स्मारिका का विमोचन भी किया जाएगा।

## नीट यूजी में अर्नव का शानदार प्रदर्शन



**भिलाई।** मैत्री विद्या निकेतन के छात्र अर्नव अग्रवाल ने नीट यूजी परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त कर विद्यालय तथा पूरे दुर्ग जिले का गौरव बढ़ाया है। अर्नव ने 720 में से 629 अंक अर्जित कर जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रबंधन और प्राचार्य ने अर्नव अग्रवाल को इस शानदार सफलता पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि अर्नव की यह असाधारण उपलब्धि मैत्री विद्या निकेतन की उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा, अनुशासन, निरंतर प्रयास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का सशक्त उदाहरण है। नीट यूजी में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि के साथ मैत्री विद्या निकेतन ने शैक्षणिक उत्कृष्टता के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय निरंतर विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हुए क्षेत्र के सबसे विश्वसनीय, प्रतिष्ठित और अग्रणी शिक्षण संस्थानों में अपनी विशिष्ट पहचान को और अधिक सुदृढ़ कर रहा है।

● झूलेलाल मंदिरों में पहली बार 40 शुक्रवारों का महोत्सव, समाज सेवा में अग्रणी बेटों का सम्मान

# बच्चों को परोपकारी कार्यों से जोड़कर संस्कार युक्त शिक्षा जरूरी, होगा विकसित भारत का निर्माण

भिलाई। सिंधी समाज के लिए गौरव का विषय बना साईं झूलेलाल धाम, 32 एकड़ हाउसिंग बोर्ड भिलाई में देश के झूलेलाल मंदिरों में पहली बार आयोजित शुकराना महोत्सव के तृतीय शुकराने का आयोजन बड़े श्रद्धा भाव के साथ आयोजित किया गया। इस दौरान सदस्यों ने कहा कि हर बेटा समाज कल्याण के परोपकार कार्यों से जुड़े और संस्कार युक्त शिक्षा प्राप्त करे ताकि स्वस्थ भारत और विकसित भारत का निर्माण हो सके। समाज की संस्कृति, एकता व अखंडता कायम रहे इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। आदर्श सिंध ब्रादर मंडल एवं साईं झूलेलाल धाम महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का समापन लगातार 40 शुक्रवारों के बाद 2 अप्रैल 2027 को झूलेलाल जयंती पर होगा। तृतीय शुकराना में साईं झूलेलाल की प्रेरणा से समाज सेवा में सदैव अग्रणी रहने वाले समाज के सभी बेटों का तिलक लगाकर सम्मान किया गया और साईं झूलेलाल के चरणों में शुकराना अर्पित किया गया। इस अवसर पर समाज ने युवाओं को नशे से दूर रहने का संकल्प भी दिलाया और कॉकटेल पार्टी को प्रतिबंधित करने का निर्णय लिया। अगले शुक्रवार को होने वाले चौथे शुकराने में समाज की बुजुर्ग वरिष्ठ महिलाओं को सम्मानित कर आध्यात्मिक ज्ञान और संस्कृति को जीवंत रखने के लिए शुकराना अर्पित किया जाएगा।



**सुखमनी साहिब से की कार्यक्रम शुरु :** शुक्रवार शाम 4.30 बजे से 6.30 बजे तक आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत सुखमनी साहिब के पाठ से की गई। इसके पश्चात भागवत का एक पाठ वाचन किया गया और साईं झूलेलाल के चालीसा, आरती, अरदास एवं पल्लव गायन कर सभी श्रद्धालु भक्ति रस में भावविभोर हुए। भजनों के माध्यम से साईं झूलेलाल का स्मरण कर जीवन को प्रभुमय बनाने और सुख, शांति व समृद्धि की प्रार्थना की गई। सिंधी समाज के कुल देवता भगवान साईं झूलेलाल द्वारा दी गई रहमतों, बक्शीशों और आशीर्वाद के लिए कृतज्ञता प्रकट करते हुए समाज सेवा में अग्रणी रहने वाले प्रत्येक बेटे का तिलक लगाकर सम्मान किया गया। श्रद्धालुओं ने सभी बेटों को बाल गोपाल के रूप में प्रसाद भेंट कर पुष्प वर्षा से सम्मानित किया। कार्यक्रम में विश्व कल्याण की अरदास की गई और बेटे कुसंगति में न फंसे और वर्तमान की प्रमुख कुरीति नशे से बचने की सद्बुद्धि प्रदान करने प्रार्थना की गई।



### नशे से दूर रहने मांगा आर्शिवाद

इस दौरान साईं झूलेलाल से युवाओं को शराब, बीड़ी, सिगरेट, अफीम, चरस, गांजा, भांग जैसी नशीली वस्तुओं से दूर रहने का आशीर्वाद मांगा गया। कार्यक्रम के समापन पर आदर्श सिंध ब्रादर मंडल के अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र कृष्णानी एवं महिला मंडल की अध्यक्ष लक्ष्मी नागदेव ने उपस्थित श्रद्धालुओं एवं समाज के बेटों को संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि बच्चों को बड़ी उम्र के दोस्तों की संगति से दूर रखना है और यदि मित्रों या परिजनों द्वारा नशे की सामग्री मंगवाने या आदत डालने के लिए प्रेरित किया जाए तो स्पष्ट मना करने की समझाईश दी गई।



### समाज की संस्कृति एकता व अखंडता रहे कायम

समाज ने यह भी संकल्प लिया कि स्थानीय स्तर पर नशा मुक्ति उन्मूलन संस्थाओं से हर बेटे को जोड़ा जाएगा और जन जागरण कार्यक्रम आयोजित कर समाज के प्रत्येक व्यक्ति को नशे से बचाने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए समाज में कॉकटेल पार्टी को पूरी तरह प्रतिबंधित किया जाए ताकि कोई भी बेटा नशे की चपेट में न आए। सदस्यों ने कहा कि हर बेटा समाज कल्याण के परोपकार कार्यों से जुड़े और संस्कार युक्त शिक्षा प्राप्त करे ताकि स्वस्थ भारत और विकसित भारत का निर्माण हो सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि समाज की संस्कृति जीवित रहे और समाज की एकता व अखंडता कायम रहे इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। आयोजकों ने बताया कि अगले शुक्रवार को चौथे शुकराने में साईं झूलेलाल की प्रेरणा से समाज की बुजुर्ग वरिष्ठ महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा क्योंकि समाज को सदैव आध्यात्मिक ज्ञान और संस्कृति को जीवंत रखने की प्रेरणा इन्हीं से मिलती है। इस अवसर पर वृद्धाश्रम में अधिक से अधिक सेवा प्रदान करने और माता के साथ रहकर सेवा करने का संकल्प भी समाज के श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों से दिलाया जाएगा।

## शारदा विद्यालय में वन महोत्सव

# विद्यार्थियों ने प्रस्तुतियों से दिया पर्यावरण जागरूकता का संदेश, सहेजने लिया संकल्प

**भिलाई।** शनिवार को शारदा विद्यालय रिसाली में वन महोत्सव के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से पौधारोपण व जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि संजय ओझा, डायरेक्टर, शकुंतला ग्रुप ऑफ स्कूल्स ने विद्यार्थियों को मां के नाम एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का संकल्प दिलाया।




कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने काव्य पाठ, भाषण और अन्य प्रस्तुतियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विद्यालय की पर्यावरण मित्र प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लव्यांश बंजारे कक्षा पहली, योजित कुमार चौधरी कक्षा 8 वीं और कशिश गौतम कक्षा 12वीं को मुख्य अतिथि द्वारा प्रतीक चिह्न व प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। पर्यावरण जागरूकता अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों ने रैली निकाली तथा मां शीतला मंदिर के सामने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर जन-जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने दादा-दादी और नाना-नानी को नन्हे पौधे भेंट कर सम्मानित करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।




विद्यालय के इको क्लब ने छत्तीसगढ़ की औषधीय वनस्पतियों की प्रदर्शनी भी प्रस्तुत की। विद्यालय परिवार के मैनेजर ममता ओझा, प्राचार्य रूद्रकांत झा सहित सभी शिक्षकों ने पौधारोपण कर अभियान में सहभागिता निभाई।

## विद्यार्थियों ने किया अवलोकन

# विधानसभा लोकतंत्र की सबसे बड़ी पाठशाला : गजेंद्र यादव



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान दुर्ग जिले के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने विधानसभा की कार्यवाही का अवलोकन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव से मुलाकात कर लोकतंत्र, विधानसभा की कार्यप्रणाली एवं जनप्रतिनिधियों की भूमिका से जुड़े विषयों पर संवाद किया।

शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि विधानसभा केवल कानून बनाने का सदन नहीं, बल्कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी पाठशाला भी है। यहां आकर विद्यार्थी लोकतांत्रिक व्यवस्था को निकट से समझते हैं और संविधान के प्रति सम्मान तथा जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा प्राप्त करते हैं। उन्होंने बताया कि स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पाऊवारा, कोड़िया, चंदखुरी सहित दुर्ग जिले के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने विधानसभा की कार्यवाही देखी तथा अनेक विषयों पर उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे। विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्होंने लोकतांत्रिक व्यवस्था, विधानसभा की कार्यप्रणाली, जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारियों तथा जनसेवा के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी।

## लायन्स क्लब भिलाई ग्रेट और वी क्लब की पहल, एग्जीबिशन में दिखी नारी शक्ति

# त्यौहारों के सीजन में लड्डू गोपाल की पोशाक झूले और वंदनवार के स्टॉल ने किया आकर्षित



**कार्नर न्यूज**

भिलाई। महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और सराहनीय पहल करते हुए लायन्स क्लब भिलाई ग्रेट एवं वी क्लब भिलाई ग्रेट के संयुक्त तत्वावधान में राधा कृष्ण मंदिर, नेहरू नगर ईस्ट में 2 दिवसीय आकर्षण एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी यह प्रदर्शनी महिला स्वावलंबन को बढ़ावा देने और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सजाई गई है। आने वाले त्यौहारों के सीजन में आयोजित प्रदर्शनी में दुर्ग-भिलाई के आसपास के जिलों सहित अन्य प्रदेशों और शहरों से महिला स्वावलंबी उद्यमी अपनी क्रिएटिविटी लेकर भिलाई पहुंची और अपना स्टॉल सजाया। इस अवसर पर अतिथि बीना अग्रवाल और सुनीता अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर एग्जीबिशन का विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए बहुत जरूरी हैं और यह कदम महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। प्रदर्शनी में भिलाई, दुर्ग, रायपुर, बिल्हा, गोंदिया, बिलासपुर, धमतरी, उतई, राजनांदगांव, नागपुर जैसे शहरों से महिला स्वावलंबी उद्यमी अपनी क्रिएटिविटी लेकर पहुंची






### सभी स्टॉल अपने प्रोडक्ट और सजावट से लुभा रहे

राधा कृष्ण मंदिर परिसर रंग-बिरंगे स्टॉल्स से सज गया है। यहां भगवान की सुंदर पोशाक, कान्हा जी के झूले, वंदनवार, ज्वेलरी, पर्स, साड़ियां, सूट्स, कुर्तियां, लहंगे, जैकेट्स, राजस्थानी लहंगा-चुनरी के साथ बेडशीट, कंफर्टर भी उपलब्ध हैं। रक्षाबंधन को ध्यान में रखते हुए सुंदर राखियां, गिफ्ट आइटम, किट्स और बच्चों के खूबसूरत सामान भी स्टॉल्स की शोभा बढ़ा रहे हैं। इसके अलावा बड़ी, पापड़, सूखा नाश्ता, मुखवास जैसी घरेलू चीजें भी महिलाओं द्वारा बनाकर बेची जा रही हैं। हर स्टॉल अपने प्रोडक्ट और सजावट से लोगों को आकर्षित कर रहा है। लायन्स क्लब भिलाई ग्रेट और वी क्लब भिलाई ग्रेट के सदस्य पूरे आयोजन में कई गेम्स भी आयोजित किये गए। जिसकी शुरुआत से ही खरीदारी करने वालों का तांता लगा रहा और भिलाई ग्रेट के इस इवेंट में भाग लेने आज भी लोग पहुंचेंगे। आयोजकों का कहना है कि इस तरह के प्लेटफॉर्म से महिलाओं को अपना हुनर दिखाने और आर्थिक रूप से मजबूत बनने का मौका मिलता है। इस अवसर पर लायन्स क्लब भिलाई ग्रेट की चार्टर प्रेसीडेंट अनिता अग्रवाल, अध्यक्ष मंजू शर्मा, सचिव रितु अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ऊषा अग्रवाल और वी क्लब भिलाई ग्रेट की अध्यक्ष वी मीरा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष वी सरोज अग्रवाल सहित दोनों क्लबों के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### सीबीआई जांच की मांग करने वाले स्क्रैप माफिया के सामने सरेंडर : शर्मा

**भिलाई।** आचार्य नरेंद्र स्मृति जन अधिकार अभियान समिति के संयोजक आरपी शर्मा ने आरोप लगाया है कि भिलाई स्टील प्लांट में स्टील, स्क्रैप चोरी मामले पर सीबीआई जांच की मांग करने वाले अब स्क्रैप माफिया के सामने सरेंडर हो गए हैं। शर्मा ने कहा कि इस पूरे प्रकरण को लेकर देशभर में चर्चा हो रही है। इसी बीच मुख्य आरोपियों के बचाव के लिए तरह-तरह के प्रयास किए जाने की भी बातें सामने आ रही हैं। मामले में सांसदों और विधायकों द्वारा सीबीआई जांच की मांग तो की गई है, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या वास्तव में सीबीआई जांच कराने के लिए औपचारिक प्रक्रिया अपनाई गई है। आरोप यह भी लगाए जा रहे हैं कि ऐसे कुछ लोग पर्दे के पीछे मुख्य आरोपियों को बचाने की कोशिश में संदिग्ध भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीबीआई जांच की चर्चाओं के बीच आम लोगों में भी भ्रम की स्थिति बन गई है। लोग पूछ रहे हैं कि आखिर सीबीआई है कहां, क्या वह जांच कर लौट भी गई। यह जानकारी प्रबंधन क स्पष्ट करनी चाहिए।

### प्रदीप सोनी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के बने सदस्य



**भिलाई।** छत्तीसगढ़, प्रदेश भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू और प्रदेश संगठन के प्रमुख किरण सिंह देव की सहमति से भिलाई के प्रदीप सोनी को पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य मनोनीत किया गया है। उनको सदस्य बनाए जाने पर मोहन सोनी, दलबीर सिंह, जयप्रकाश आर्य, चंद्र प्रकाश सोनी, चिन्ना राव, अशोक मिश्रा, अल्ताफ कुरेशी, हुकुमचंद गहलोत ने हर्ष व्यक्त किया है।

### आमसभा आज

**भिलाई।** भारतीय बौद्ध महासभा की वार्षिक आम सभा 19 अप्रैल रविवार को दोपहर 2 बजे से डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर सांस्कृतिक सेक्टर 6 भिलाई रखी गई है। महासचिव वीरेंद्र ने सभी सदस्यो से अधिक से अधिक संख्या मे उपस्थित होकर आमसभा को सफल बनाने की अपील की है।

# चेक बाउंस के 449 मामलों का निराकरण, समझौता राशि रही 13.88 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला न्यायालय में चेक बाउंस के प्रकरणों को लेकर विशेष लोक अदालत का आयोजन शनिवार को किया गया। दंतेवाड़ा से हाईकोर्ट के न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने इसका वर्चुअल उद्घाटन किया। कुल 449 मामलों का निराकरण किया गया। करीब 13,88,05,129 की समझौता राशि रही। धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम 1881 के तहत प्रकरणों को सुलह के लिए रखा गया। इस अवसर पर प्रदेश के समस्त जिले के न्यायाधीशगण वर्चुअल माध्यम से जुड़े। सभी न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं संबंधित बैंकों से समन्वयपूर्वक कार्य करने की अपील की गई। दुर्ग जिले में कुल 15 खंडपीठ का गठन किया गया था, जिनके द्वारा कुल 1001 प्रकरण चिन्हांकित किए गए थे। लोक अदालत का उद्देश्य पक्षकारों को आपसी समझौते एवं सौहार्दपूर्ण संवाद के माध्यम से विवादों का त्वरित, कम खर्चीला एवं स्थायी समाधान उपलब्ध कराना था। विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 की भावना के अनुरूप आयोजित इस विशेष लोक अदालत ने यह सिद्ध किया कि आपसी सहमति के माध्यम से विवादों का समाधान न्याय प्राप्ति का सबसे प्रभावी एवं व्यवहारिक माध्यम है। इस विशेष लोक अदालत में अपेक्षित एवं उत्साहवर्धक परिणाम प्राप्त हुए, जिसके पीछे जिला स्तर पर की गई सुनियोजित रणनीति, सतत समन्वय एवं व्यापक पूर्व तैयारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। जिला न्यायाधीश के. विनोद कुजूर के मार्गदर्शन में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भूपेश कुमार बसंत तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी आकांक्षा राठौर एवं अंजली सिंह की एक विशेष टीम गठित की गई थी। उक्त टीम द्वारा संबंधित अधिवक्ताओं एवं पक्षकारों से निरंतर संपर्क स्थापित करते हुए उन्हें आपसी संवाद एवं समझौते के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही, प्रकरणवार सतत अनुश्रवण एवं समन्वय के माध्यम से अधिकाधिक मामलों के सौहार्दपूर्ण निराकरण हेतु अथक एवं सराहनीय प्रयास किए गए।

## हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने दंतेवाड़ा से किया वर्चुअल उद्घाटन




### सुलह के लिए पक्षकारों को किया गया प्रेरित

विशेष लोक अदालत की सफलता में मध्यस्थता केन्द्र की भी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका रही। मध्यस्थ न्यायाधीशों द्वारा अनेक प्रकरणों में पक्षकारों को धैर्यपूर्वक समझाइश देकर, संवाद की सकारात्मक प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए आपसी सहमति का वातावरण निर्मित किया गया, जिसके फलस्वरूप अनेक मामलों में सफल समझौते संभव हो सके। मध्यस्थता केन्द्र की यह सक्रिय भूमिका विशेष लोक अदालत की सफलता का एक महत्वपूर्ण आधार सिद्ध हुई। जिला अधिवक्ता संघ का सहयोग एवं सक्रिय सहभागिता रही। अधिवक्ताओं द्वारा अपने-अपने पक्षकारों को आपसी सहमति एवं सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए प्रेरित करते हुए प्रकरणों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई।

### ऐसी लोक अदालतों से कोर्ट में कम होता है प्रकरणों का भार

विशेष लोक अदालत में दुर्ग जिले के विभिन्न विधि महाविद्यालयों के विद्यार्थियों की सहभागिता भी अत्यंत सराहनीय रही। विद्यार्थियों की यह सहभागिता न केवल उनके व्यावहारिक विधिक प्रशिक्षण का महत्वपूर्ण अवसर बनी, बल्कि समाज में वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली के प्रति जागरूकता एवं विश्वास को सुदृढ़ करने की दिशा में भी प्रभावी सिद्ध हुई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव उमेश कुमार भागवतकर ने इस विशेष लोक अदालत की सफलता में सहयोग प्रदान करने वाले सभी न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं, मध्यस्थ न्यायाधीशों, न्यायालयीन कर्मचारियों एवं पक्षकारों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार आपसी समझौते एवं संवाद की भावना को बढ़ावा देकर न्याय को अधिक सरल, सुलभ एवं प्रभावी बनाया जाता रहेगा।

## रावणभाठा सुपेला में अधूरी रह गई कार्रवाई, कई व्यापारियों ने नहीं हटाया अतिक्रमण


# बुलडोजर चला लेकिन कब्जा नहीं हटा, निगम की कार्रवाई के अगले ही दिन फिर खड़े हुए छज्जे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर निगम भिलाई की ओर से रावणभाठा सुपेला में मंगलवार को चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान अगले ही दिन सवालों के घेरे में आ गया। निगम ने जिन व्यापारियों को स्वयं अवैध कब्जा हटाने के लिए मंगलवार रात तक का समय दिया था, उनमें से कई ने बुधवार तक भी अतिक्रमण नहीं हटाया।

मंगलवार 14 जुलाई को जोन-1 और जोन-2 की संयुक्त टीम ने रावणभाठा क्षेत्र में सड़क और नालियों पर किए गए अवैध कब्जों को हटाने की कार्रवाई की थी। इस दौरान कई दुकानों के सामने बने शेड, प्लेटफॉर्म और अन्य निर्माण तोड़े गए। कुछ व्यापारियों ने सामान हटाने और स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए समय मांगा, जिस पर निगम अधिकारियों ने मानवीय आधार पर मंगलवार रात तक की मोहलत दे दी। इसी दौरान मां पुस्तक भंडार के सामने किए गए अतिक्रमण का केवल एक हिस्सा ही हटाया गया। शेष अवैध कब्जा स्वयं हटाने के लिए समय दिया गया था, लेकिन शनिवार 18 जुलाई तक सड़क और नाली पर बना कब्जा जस का तस रहा। वहीं सरकारी स्कूल से लगी नाली के ऊपर वर्षों से व्यवसाय कर रहे पान ठेला, होटल सहित कुछ अन्य दुकानदारों को भी मंगलवार रात तक कब्जा हटाने का समय दिया गया था, लेकिन शुक्रवार तक इनमें से अधिकांश दुकानों के सामने अवैध निर्माण और कब्जे बने रहे। हैरानी की बात यह रही कि कार्रवाई के अगले ही दिन कुछ व्यापारियों ने फिर से अपने छज्जे और अस्थायी निर्माण लगाने शुरू कर दिए। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि कार्रवाई के तुरंत बाद ही दोबारा कब्जा होने लगे तो पूरे अभियान का उद्देश्य ही समाप्त हो जाएगा।

## लंबे समय बाद अतिक्रमण को लेकर हुई थी कार्रवाई



### चार नोटिस के बाद भी आदेश की अनदेखी

नगर निगम के रिकॉर्ड के अनुसार संबंधित व्यापारियों को पहली बार 7 मई 2025 को अतिक्रमण हटाने का नोटिस जारी किया गया था। इसके बाद 20 मई 2025 और 30 मई 2025 को भी नोटिस देकर स्वेच्छा से कब्जा हटाने के निर्देश दिए गए। लगातार चेतावनी के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर 8 जुलाई 2026 को चौथी और अंतिम नोटिस जारी की गई, जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया था कि निर्धारित समय सीमा के बाद बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाया जाएगा। मंगलवार 14 जुलाई को इसी अंतिम नोटिस के आधार पर कार्रवाई शुरू की गई थी। हालांकि कुछ स्थानों पर दी गई अतिरिक्त मोहलत का लाभ उठाकर कई व्यापारियों ने अब तक कब्जा नहीं हटाया है। इसका सीधा असर न केवल सड़क चौड़ीकरण और यातायात व्यवस्था पर पड़ रहा है, बल्कि नालियों की सफाई और जल निकासी व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है।

### इधर विधायक ने निगम अधिकारियों पर जताई नाराजगी

एक ओर जहां अवैध कब्जाधारियों को एक साल पहले ही तीन बार नोटिस जारी किए जाने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई, वहीं मुख्यमंत्री सचिवालय के हस्तक्षेप और निर्देश के बाद मंगलवार को अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। दूसरी ओर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने नाराजगी जताते हुए बरसात के मौसम में की गई इस कार्रवाई पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान इस तरह की कार्रवाई से प्रभावित परिवारों और छोटे दुकानदारों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो सकता है। विधायक ने यह भी कहा कि इतने बड़े स्तर की कार्रवाई से पहले स्थानीय जनप्रतिनिधि को विश्वास में लेना चाहिए था, लेकिन निगम अधिकारियों ने उन्हें कोई सूचना नहीं दी और मनमाने तरीके से अभियान चला दिया। रिकेश सेन ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बिना स्थानीय विधायक को जानकारी दिए और जनहित की अनदेखी करते हुए कार्रवाई करने वाले जिम्मेदार निगम अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई कराई जाएगी।

## निकुम सोसाइटी केन्द्र में गड़बड़ी का आरोप, किसान देंगे धरना



**दुर्ग।** सेवा सहकारी समिति निकुम में धान खरीदी में कथित अनियमितताओं और घोटाले के आरोपों को लेकर किसानों ने 20 जुलाई सुबह 11 बजे से एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। इस संबंध में किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने अनुविभागीय अधिकारी एसडीएम दुर्ग को ज्ञापन सौंपकर आंदोलन की सूचना दी। ज्ञापन सौंपने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री और पूर्व जनपद सदस्य रुपेश देशमुख, नंदकुमार साहू, राजकुमार साहू, उत्तम धनकर, पिताम्बर यादव और रोमनाथ निर्मलकर शामिल थे। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि सेवा सहकारी समिति निकुम में वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 के दौरान धान खरीदी में लगातार अनियमितताएं हुई हैं। किसानों का कहना है कि तौल में कमी, भूसा के नाम पर कटौती और धान खरीदी में गड़बड़ी जैसी शिकायतें लंबे समय से सामने आ रही हैं, लेकिन जिम्मेदारों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि वर्तमान वर्ष में धान की कमी पाए जाने के बाद एफआईआर दर्ज हुई, लेकिन क्षेत्रीय विधायक ललित चन्द्रकार के हस्तक्षेप के कारण समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष भैयालाल के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। इसे किसानों में भारी नाराजगी है। पूर्व जनपद सदस्य रुपेश देशमुख ने कहा कि किसानों को न्याय नहीं मिलने के कारण उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि 20 जुलाई 2026 को सेवा सहकारी समिति निकुम परिसर में एक दिवसीय धरना दिया जाएगा। किसानों की मांग है कि धरना स्थल पर प्रशासन का कोई वरिष्ठ अधिकारी पहुंचकर उनका ज्ञापन स्वीकार करे और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करे। इस ज्ञापन की प्रतिलिपि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, थाना प्रभारी अंडा तथा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अंडा शाखा प्रबंधक को भी भेजी गई है।

# आज़ाद स्कूल में नशीली गोली खाकर सात बच्चे हुए बीमार, शिकायत के बाद मंत्री ने दिए जांच के निर्देश



**दुर्ग।** चंद्र शेखर आजाद स्कूल पंचशील नगर में करीब 7 बच्चों के कथित रूप से नशीली गोलियों के सेवन करने के बाद बीमार होने का मामला सामने आया है। बच्चों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया। वर्तमान में सभी की स्थिति समान्य बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार एक छात्र द्वारा अन्य बच्चों को गोलियां दी गई। उसके पास ये गोलियां कहां से आई, इसका खुलासा नहीं हो पाया है। जानकारी के बाद बीजेपी पटरीपार मंडल के अध्यक्ष मनमोहन शर्मा मौके पर पहुंचे। उन्होंने बच्चों का हालचाल जाना। इसके बाद पूरे मामले की जानकारी शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव को दी। उन्होंने निष्पक्ष जांच तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। मनमोहन शर्मा ने कहा कि जामुल हॉस्पिटल में कुछ बच्चों का इलाजा भी कराया गया। उन्होंने घटना के वास्तविक कारणों का शीघ्र पता लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इधर मंत्री गजेंद्र यादव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के निर्देश दिए हैं। इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष बलराम यादव, कोषाध्यक्ष यशवंत चंद्राकर, महेंद्र यादव, चंद्रशेखर यादव एवं सुदीप शर्मा उपस्थित रहे।

### कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल भी मिला पीड़ित बच्चों से



इस मामले को लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी का प्रतिनिधि मंडल भी पीड़ित बच्चों से मिलने पहुंचा। घटना के बारे में जानकारी ली। साथ ही पुलिस से मामले में जांच की मांग की। अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि विद्यालय बच्चों के भविष्य निर्माण का सबसे सुरक्षित और पवित्र स्थान होता है। यदि जांच में यह तथ्य सामने आता है कि विद्यार्थियों तक नशीले पदार्थ पहुंचे हैं, तो यह केवल एक घटना नहीं बल्कि पूरे शिक्षा तंत्र और समाज के लिए अत्यंत गंभीर चेतावनी है। ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष, उच्चस्तरीय एवं समयबद्ध जांच कराई जाए। कलेक्टर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक से अपील कि इस संवेदनशील मामले को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जाए। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, रायसिंह डिकोला, प्रेमलता साहू, आनंद ताम्रकार, सुशील भारद्वाज, निकिता मिलिंद, बिजेंद्र भारद्वाज, सुनीत घोष, पोषण साहू, आयुष शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

### सिविल लाइन चौक में वृक्षारोपण आज

**दुर्ग।** जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से मुकाबला करने तथा पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से सामाजिक संगठन अजेय भारत, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत एवं यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया, दुर्ग-भिलाई यूनिट के संयुक्त तत्वाधान में आज 19 जुलाई को प्रातः 8:30 बजे सिविल लाइन चौक दुर्ग में वृहद वृक्षारोपण किया जाएगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग संभाग के संभागीय आयुक्त सत्यनारायण राठौर होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वन विकास निगम, दुर्ग के आईएफएस अधिकारी दीपेश कपिल करेंगे। आयोजक अजेय भारत संगठन के प्रमुख संजय डहरवाल ने कहा है कि प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा प्रत्येक नागरिक का नैतिक एवं सामाजिक दायित्व है तथा वृक्षारोपण केवल पौधे लगाने का कार्य नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने का संकल्प है।

# अच्छी पहल : उद्यानिकी विभाग का निर्णय हर 100 वर्गमीटर भूमि पर लगाएंगे एक पौधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर निगम दुर्ग के पर्यावरण और उद्यानिकी विभाग ने एक नई पहल की है, इसमें विभागीय समिति ने हर 100 वर्गमीटर जगह पर एक वृक्ष लगाने का निर्णय लिया है। महापौर अलका बाघमार के मार्गदर्शन पर

- नगर के उद्यानों के रखरखाव 10 लाख स्वीकृत

प्रभारी काशीराम कोसरे के प्रस्ताव पर मंजूरी प्रदान की गई है। बैठक में पार्षद सावित्री दमाहे, कार्यपालन अभियंता मोहम्मद सलीम सिद्दीकी, सहायक अभियंता हरिशंकर साहू, उपअभियंता पंकज साहू, उद्यान प्रभारी अनिल सिंह एवं पुरषोत्तम साहू मौजूद थे। बैठक में शहर के पर्यावरण संरक्षण, हरित क्षेत्र के विस्तार तथा नगर के उद्यानों के रखरखाव एवं विकास से जुड़े



महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विस्तारपूर्वक चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए गए। काशीराम कोसरे ने कहा कि समिति के समक्ष निकाय क्षेत्र एवं डिवाइडरों में पौधरोपण तथा पौधों की खरीदी से संबंधित प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। सदस्यों ने इस विषय पर विस्तृत विचार-विमर्श करते हुए शासन द्वारा जारी 15वें वित्त आयोग एवं वायु गुणवत्ता सुधार मद के अंतर्गत शहर के विभिन्न वार्डों एवं प्रमुख मार्गों के डिवाइडरों में उपयुक्त स्थलों का चयन कर व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कराने की अनुशंसा की। समिति ने कहा कि इस पहल से शहर में हरित क्षेत्र का विस्तार होगा, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा तथा नागरिकों को स्वच्छ एवं बेहतर वातावरण उपलब्ध होगा। बैठक में नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न उद्यानों की साफ-सफाई, नियमित रखरखाव एवं सौंदर्यीकरण पर भी विशेष चर्चा की गई। समिति ने शहर के उद्यानों को अधिक आकर्षक एवं नागरिकों के लिए सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से आवश्यक संधारण एवं उन्नयन कार्य कराए जाने की अनुशंसा की। इसके लिए उद्यान उन्नयन एवं संधारण मद से 10 लाख रुपये की राशि स्वीकृत किए जाने का प्रस्ताव भी रखा गया।

## पालक शिक्षण समिति का गठन




हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

कर्मा विद्यालय भिलाई में पालक शिक्षण समिति का गठन किया गया। महासचिव आर लखेंद्र साहू ने सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कर्मा विद्यालय के विकास के साथ छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए सहयोग की अपील की। साथ ही प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया।

पालक शिक्षण समिति में अध्यक्ष पार्वती राजपूत, उपाध्यक्ष रेवती व लोमश कुमार साहू, सचिव हरख राम साहू प्राचार्य, सहसचिव नंदनी साहू प्रधानपाठक, कोषाध्यक्ष भेमिन साहू सहायिका, क्रियाशील सदस्य क्षमा सोनी, संगीता, मीरा सोनी, सावित्री, राजेश्वरी साहू, पूनम देवांगन, गंगा वारदे, वंदना राहंगडाले बनाए गए। धनसाय साहू, ईश्वरी प्रसाद साहू, ज्ञानिक राम साहू सहित पालक व शिक्षक उपस्थित थे।

## सूकर पालन प्रबंधन एवं उद्यमिता विकास पर तीन दिवसीय शिविर का आयोजन

# सूकर पालन आय वृद्धि का का बड़ा माध्यम, 70 कृषकों को प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कामधेनु विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले वेटनरी कॉलेज अंजोरा में तीन दिवसीय सूकर पालन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह के मार्गदर्शन, अधिष्ठाता डॉ.सुशान्त पाल एवं निदेशक विस्तार शिक्षा डॉ. मनोज गेंदले के कुशल नेतृत्व में सूकर पालन प्रबंधन एवं उद्यमिता विकास विषय पर यह शिविर हुआ।

- वेटनरी कॉलेज अंजोरा में आयोजन

निदेशक शिक्षण डॉ. मंजू रॉय, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. दुर्गा चौरसिया, निदेशक पंचगव्य/ बायोटेक्नोलॉजी डॉ. मीनू दुबे, विश्वविद्यालय जनसंपर्क अधिकारी डॉ. दिलीप चौधरी, डॉ. डीके जोल्हे, डॉ. दीप्ति किरण बरवा, डॉ. भानु, प्राध्यापकगणों एवं 70 प्रशिक्षणार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति में सूकर पालन से जुड़ी जानकारी दी गई।

अधिष्ठाता एवं प्रभारी कुलपति ने वैज्ञानिक सूकर पालन को आय वृद्धि का प्रभावी माध्यम बताते हुए बेहतर नस्लों के चयन, संतुलित पोषण एवं समय-समय पर टीकाकरण कराने पर बल दिया। प्रशिक्षण में विषय विशेषज्ञों द्वारा दी जाने वाली जानकारी का नोट्स बनाए जो पशुपालन में मददगार सिद्ध होंगे। निदेशक शिक्षण डॉ.मंजू रॉय ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से सूकर पालन की वैज्ञानिक विधियॉं, उचित व्यस्थापन, प्रबंधन, रोग नियंत्रण एवं उद्यमिता विकास से संबंधित व्यवहारिक जानकारी प्रदान की जावेगी, जिससे वे सूकर पालन को लाभप्रद स्वरोजगार के रूप में विकसित कर सकें।



### एमपी, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के प्रशिक्षक हुए शामिल

डॉ. रामचन्द्र रामटेके ने बताया कि इस प्रशिक्षण में उड़ीसा, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के 70 प्रशिक्षणार्थियों ने अपना पंजीयन कराया था। प्रशिक्षण का उद्देश्य किसानों, युवाओं, पशुपालकों एवं उद्यमियों को आधुनिक सूकर पालन में वैज्ञानिक प्रबंधन, रोग नियंत्रण, पोषण, प्रजनन, पारंपरिक, प्राथमिक चिकित्सा, प्रगति शील किसान के साथ इंटरेक्शन, सूकर पालन की विभिन्न योजनाओं, बैंक लोन प्रोसेस की जानकारी एवं सूकर फार्म, विभिन्न फार्म, चारा उत्पादन ईकाई की जानकारी एवं स्वरोजगार के अवसरों से अवगत कराना है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वंदना भगत एवं डॉ. शबीर अनंत द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'द वैम्पायर डायरीज' फेम पॉल ने की शादी, नताली को बनाया जीवनसाथी



'द वैम्पायर डायरीज' में स्टीफन साल्वाटोर का किरदार निभाने के लिए मशहूर एक्टर पॉल वेस्ली ने अपनी लंबे समय की पार्टनर नताली कुकेनबर्ग से शादी कर ली है। इस जोड़े ने एक प्राइवेट सेरेमनी में शादी की, जिसमें सिर्फ एक मिनिस्टर और उनका पालतू कुत्ता, ग्रेग शामिल थे।

कुकेनबर्ग ने इंस्टाग्राम पर इस खबर की घोषणा की और समारोह की कई तस्वीरें शेयर कीं। पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'मिस्टर एंड मिसेज एंड द बेस्ट बॉय ग्रेग।' इसमें उन्होंने कपल के कुत्ते का जिक्र किया, जो समारोह का हिस्सा था। शादी का कार्यक्रम बेहद निजी था, जिसमें सिर्फ शादी कराने वाले मिनिस्टर और ग्रेग ही मौजूद थे। मेहमानों की लिस्ट छोटी रखने के बावजूद, इस जोड़े ने शादी के लिए क्लासिक वेडिंग लुक चुना। इस दौरान कुकेनबर्ग ने डिजाइनर गैलिया लाहव का सफेद सिल्क स्पैगेटी-स्ट्रैप गाउन पहना, जबकि वेस्ली ने काले रंग की टाई के साथ नीला सूट पहना। फोटो पर कमेंट करते हुए एक्ट्रेस नीना डोबरेव ने कपल को बधाई दी। डोबरेव और वेस्ली ने 'द वैम्पायर डायरीज' में साथ काम किया था। वेस्ली और कुकेनबर्ग ने 2025 में सगाई की थी। इंस्टाग्राम पर कुकेनबर्ग ने सगाई की घोषणा की थी। यह वेस्ली की तीसरी शादी है। इससे पहले उनकी शादी 2011 से 2013 तक एक्टर टोरी डेविटो से और 2019 से 2022 में तलाक होने तक ज्वैलरी एग्जीक्यूटिव इनेस डी रेमन से हुई थी। यह कपल चार साल से साथ है और उन्होंने इस खास मौके को अपने सबसे करीबी साथी, ग्रेग के साथ एक सादे समारोह में मनाने का फैसला किया, जिन्हें उनके खास दिन पर 'बेस्ट बॉय' का खिताब मिला।

### टॉलीवुड

## आग-बबूला हुईं 'जेलर 2' की अभिनेत्री अन्ना, पुलिस से की दखल देने की अपील



अपकमिंग फिल्म 'जेलर 2' की अभिनेत्री अन्ना राजन ने एक मामले को लेकर सोशल मीडिया पर नाराजगी जताई है। उन्होंने इस मामले में केरल पुलिस से दखल देने की अपील की है। जानिए पूरा मामला।

मलयालम एक्ट्रेस अन्ना राजन ने सोशल मीडिया पर अपनी मॉर्फ्ड (बदली हुई) तस्वीरों के शेयर किए जाने पर चिंता जताई है। 'जेलर 2' की एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर एक ऐसे ही एडिट किए गए फोटो का स्क्रीनशॉट शेयर किया। इसे किसी और हैंडल से पोस्ट किया गया था। उन्होंने अपनी तस्वीरों के गलत इस्तेमाल की निंदा की। अन्ना ने इंस्टाग्राम पर यह खबर शेयर की और बताया कि उनकी एक तस्वीर को एडिट करके उसे बदनाम करने के मकसद से इस्तेमाल किया गया। उन्होंने लिखा 'इस तस्वीर को बुरी नीयत से एडिट किया गया है और मेरी बेइज्जती करने के लिए अश्लील और अपमानजनक तरीके से पोस्ट किया गया है। यह शर्मनाक, अस्वीकार्य और मेरी प्राइवेसी और सम्मान का उल्लंघन है।' उन्होंने लिखा 'मैं आधिकारिक तौर पर इंस्टाग्राम पर इस अकाउंट की रिपोर्ट कर रही हूं और कानून के तहत पुलिस में शिकायत दर्ज कराऊंगी। जो कोई भी इस एडिट किए गए कंटेंट को बनाने या शेयर करने के लिए जिम्मेदार है, उसे जवाबदेह ठहराया जाएगा। कानूनी कार्रवाई की जाएगी और मैं तब तक इस मामले को आगे बढ़ाएंगे जब तक न्याय नहीं मिल जाता।'

उन्होंने आगे लिखा 'कृपया ऐसे अपमानजनक कंटेंट का समर्थन या उसे शेयर न करें। इस अकाउंट ने मेरी एक बुरी तरह से एडिट की गई और बदनामी करने वाली तस्वीर पोस्ट की है। मैं केरल पुलिस और साइबर क्राइम से तुरंत कार्रवाई करने का अनुरोध करती हूं।

### भोजपुरी

## बाबा विश्वनाथ के दरबार में पहुंचीं अक्षरा, दर्शन कर कुछ ऐसा बोलीं



भोजपुरी सिनेमा की क्वीन अक्षरा सिंह की लोकप्रियता अब बॉलीवुड तक पहुंच चुकी है। हाल ही में उन्हें फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' में अक्षय कुमार के साथ एक गाने में देखा गया। इसके अलावा वे श्रद्धा कपूर की 'ईठा' में भी नजर आएंगी। इस बीच अदाकारा काशी विश्वनाथ मंदिर दर्शन करने पहुंचीं।

अक्षरा सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया है। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि वे काशी विश्वनाथ मंदिर प्रांगण में हैं। तस्वीरों के साथ अक्षरा ने लिखा है, 'कुछ अनुभूतियां शब्दों से नहीं, केवल हृदय से व्यक्त होती हैं। मन शांत है, हृदय कृतज्ञ है। आपकी कृपा का वर्णन प्रतिदिन शब्दों से संभव नहीं। हर हर महादेव'।

वाराणसी यात्रा हो और घाट पर न जाया जाए, ऐसा कैसे संभव हो सकता है। अक्षरा सिंह ने भी नाव पर सवार होकर बनारस के घाटों का मनोरम दृश्य देखा। उन्होंने घाट से अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वे नाव पर बैठी पोज दे रही हैं। अक्षरा सिंह ब्लू कलर की साड़ी में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। अक्षरा सिंह ने मल्टीस्टारर फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया है। वे इस फिल्म में एक धमाकेदार भोजपुरी डांस नंबर 'घिस घिस घिस' में अक्षय कुमार के साथ थिरकती हुई नजर आई हैं।

अक्षरा सिंह की अगली बॉलीवुड फिल्म 'ईठा' है, जिसमें श्रद्धा कपूर लीड रोल में हैं।


## रंगो भरा फैशन

"युवा पीढ़ी का फैशन चटख रंगों, पारंपरिक संयोजनों और बोल्ड स्ट्रीट स्टाइल पर बहुत अधिक निर्भर करता है। वर्तमान युवा सौंदर्यशास्त्र शांत और सौम्य विलासिता के विकल्पों के बजाय ऊर्जावान आत्म-अभिव्यक्ति पर केंद्रित है। इसे युवा खूब पसंद कर रहे हैं।



लाइफ स्टाइल

## ताजा गुलाब निखार लाएगा आपके चेहरे पर, देखते रह जाएंगे लोग



अगर आपके घर पर भी गुलाब का पौधा लगा है तो इसे चेहरे पर लगाने के फायदे जान लें। इससे आपको काफी फायदा मिलने वाला है। गुलाब देखने में कितना प्यारा लगता है। ये प्यार के साथ-साथ दोस्ती की भी निशानी होती है। लोग नये रिश्ते की शुरुआत करते समय गुलाब को ही तोहफे में देते हैं। खासतौर पर अगर गुलाब ताजा हो, तब तो उसकी खूबसूरती कई गुना बढ़ जाती है। पर, क्या आप जानते हैं कि लाल गुलाब में ऐसे प्राकृतिक गुण होते हैं जो त्वचा की कई समस्याओं को दूर करने में मदद करते हैं। खासकर घरेलू ब्यूटी रूटीन में गुलाब का प्रयोग बहुत फायदेमंद माना जाता है। इसी के चलते हम आपको स लेख में न सिर्फ चेहरे पर गुलाब इस्तेमाल करने का फायदा बताएंगे, बल्कि साथ में इसके इस्तेमाल का तरीका भी बताएंगे। ताकि आप घर बैठे गुलाबी रंगत वाली त्वचा पा सकें।

### इस्तेमाल का तरीका जान लें

यदि आप गुलाब का इस्तेमाल चेहरे पर करना चाहते हैं तो आप इससे टोनर बना सकते हैं। यदि टोनर नहीं बनाना है तो गुलाब की पत्तियों को पीसकर इससे फेस पैक तैयार करें। आप इसकी मदद से गुलाब जल तैयार करके उससे भी अपना चेहरा चमका सकते हैं। अब जान लेते हैं कि गुलाब आपके चेहरे को कैसे फायदा पहुंचाता है

### पिंपल्स और मुंहासे करेगा दूर

गुलाब जल या गुलाब की पेस्ट लगाने से पिंपल्स कम होते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि गुलाब की पंखुड़ियों में एंटीसेप्टिक और एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, जो स्किन पर बैक्टीरिया को बढ़ने से रोकते हैं, इसलिए आप हफ्ते में तीन बार गुलाब की पंखुड़ियों से पैक बनाकर उसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

### डार्क सर्कल्स और थकी हुई आंखें

यदि आपकी आंखों के नीचे डार्क सर्कल हैं या फिरआपकी आंखे सूजी रहती हैं, तो भी आप गुलाब की पंखुड़ियों का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए चेहरे को साफ करके गुलाब की पंखुड़ियों को पीस लें। इसके बाद इस पेस्ट को आंखों के नीचे लगाएं और फिर असर देखें।

### सनबर्न से छुटकारा

यदि धूप से आपकी त्वचा झुलस गई है तो भी आप गुलाब की पंखुड़ियों का इस्तेमाल कर सकते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि गुलाब जल ठंडक देता है और धूप या एलर्जी से हुई जलन को शांत करता है।

## प्रिंटेड साड़ियां आपके लुक में लगाएंगी चार-चांद





अगर आप बारिश के इस मौसम में स्टाइलिश लुक चाहती हैं, तो आप खास तरह की प्रिंटेड साड़ी स्टाइल कर सकती हैं। ऐसी साड़ी में आपका लुक खूबसूरत नजर आएगा। बारिश के पर्व त्योहारों पर महिलाएं सोलह श्रृंगार भी करती हैं, वहीं ट्रेडिशनल लुक पाने के लिए साड़ी स्टाइल करती हैं। ऐसे में पहनने के लिए साड़ियां आपको कई सारे रंग और डिजाइन ऑप्शन्स के साथ मिल जाएंगी। लेकिन, अगर आप न्यू लुक और खूबसूरत नजर आना चाहती हैं, तो आप प्रिंटेड साड़ी पहन सकती हैं। इस साड़ी में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत और स्टाइलिश नजर आएगा।

### ब्लॉक प्रिंट साड़ी


अगर आप कुछ न्यू ट्राई करना चाहती हैं, तो ब्लॉक प्रिंट साड़ी का चुनाव कर सकती हैं। इश साड़ी में बेहद ही खूबसूरत प्रिंट करके डिजाइन बनाया गया है और इस साड़ी को स्टाइल करने के बाद आप अलग और स्टाइलिश नजर आएंगी। इस तरह की साड़ियां आपको कई सारे डिजाइन ऑप्शन्स के साथ मिल जाएंगी जिन्हें आप बाजार या ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से सस्ते दाम में खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं। इस साड़ी में अपने लुक को स्टाइलिश टच देने के लिए आप स्लीवलेस ब्लाउज के साथ झुमके पहन सकती हैं।



### जरी वर्क शिफॉन साड़ी

अगर आप इस खास मौके पर लाल रंग की साड़ी सर्च कर रही हैं, तो आप रेड जरी वर्क शिफॉन साड़ी पहन सकती हैं। इस साड़ी में जरी वर्क किया हुआ है और यह शिफॉन फैब्रिक में है। यह साड़ी खास मौके पर ट्रेडिशनल लुक पाने के लिए बेस्ट है और इस साड़ी में आप बेहद ही खूबसूरत नजर आएंगी। यह साड़ी आपको ऑनलाइन या ऑफलाइन दोनों ही जगहों से लगभग 1,500 रुपये की कीमत में मिल सकती है।

## बारिश में भी त्वचा हो रही है काली तो करें घरेलू उपाय



धूप की वजह से स्किन पर टैनिंग होना बेहद स्वाभाविक है, लेकिन बारिश की वजह से भी स्किन पर टैनिंग होने लगी है। इस टैनिंग से छुटकारा पाने के लिए हम यहां कुछ घरेलू नुस्खे आपको बताने जा रहे हैं। अक्सर लोगों को लगता है कि टैनिंग सिर्फ धूप से होती है, लेकिन ऐसा नहीं है। बारिश के मौसम में भी टैनिंग लोगों को खूब परेशान करती है। इसी के चलते हम आपको कुछ ऐसे नुस्खे बताएंगे, जिनको फॉलो करने के बाद आप जिद्दी टैनिंग से छुटकारा पा सकते हैं।


### पहला नुस्खा

अगर बात करें पहले नुस्खे की तो इसे आजमाने के लिए आपको 2 चम्मच बेसन, 1 चम्मच दही, एक चुटकी हल्दी, कुछ बूंदें नींबू का रस की जरूरत पड़ेगी। आपको इन तीनों चीजों को मिलाकर पेस्ट बनाना है। जब ये पेस्ट तैयार हो जाए तो इसे अपने हाथों के साथ-साथ उस त्वचा पर अप्लाई करें, जहां की स्किन पर टैनिंग हुई हो। अब 15-20 मिनट बाद हल्के हाथों से रगड़कर धो लें। इस पैक को इस्तेमाल करने से मृत त्वचा हटती है, जिससे त्वचा में निखार आता है।

### दूसरा नुस्खा

बात करें दूसरे नुस्खे की तो इसको ट्राई करने के लिए आपको सिर्फ कच्चे आलू की जरूरत पड़ेगी। आपको सबसे पहले आलू का रस निकालना पड़ेगा। कच्चे आलू को कद्दूकस करके उसका रस निकालें और त्वचा पर लगाएं। 15 मिनट बाद धो लें। आलू में ब्लीचिंग एजेंट होते हैं जो त्वचा का रंग साफ करते हैं। इस नुस्खे को ट्राई करने के लिए आपको टमाटर की जरूरत पड़ेगी।

## हील्स खरीदते वक्त ध्यान में रखें कुछ बातें, वरना खुद को संभालना होगा मुश्किल



सही हील्स आपके लुक को न सिर्फ खूबसूरत बना सकती हैं बल्कि इससे आपका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। ऐसे में इसे खरीदते समय कुछ बातों का ध्यान रखें। जिस तरह से अलग तरह के आउटफिट के साथ अलग-अलग ज्वेलरी और मेकअप कैरी किया जाता है, ठीक उसी तरह से हर अलग आउटफिट के साथ फुटवियर भी अलग तरीके के कैरी किए जाते हैं। इन्हीं फुटवियर में शामिल हैं हील्स, जिसे पहनकर न सिर्फ लुक क्लासी और खूबसूरत दिखता है, बल्कि इसे पहनकर महिलाओं का आत्मविश्वास भी बढ़ता है। ऐसे में हर महिला के पास हील्स का शानदार कलेक्शन होता है। यदि आपको हील्स पहनना पसंद है लेकिन कभी सही हील्स नहीं खरीद पाती हैं तो इस लेख को अंत तक पढ़ें। दरअसल, हील्स खरीदते समय कुछ बातों का ध्यान अवश्य ही रखना चाहिए, वरना आप बारिश के

### कंफर्ट को दें प्राथमिकता

यदि हील्स खरीदने जा रही हैं तो इसे पहनकर चलकर देखें। कभी भी बिना ट्राई किए हील्स न खरीदें। इस बात का हमेशा ध्यान रखें कि यदि हील्स आरामदायक नहीं होंगी तो इसे पहनकर आप खुद असहज महसूस करेंगी। कई बार गलत हील्स के चुनाव से पैरों के अलावा कमर में भी दर्द होने लगता है। इसकी वजह से आपको काफी दिक्कत हो जाएगी।

### सही होना साइज

न तो ज्यादा ढीली और न ही ज्यादा टाइट, हील्स हमेशा परफेक्ट होनी चाहिए। सही फिटिंग वाली हील्स ही पैर में अच्छी लगती हैं। यदि ये ढीली या टाइट होगी तो इसकी वजह से चलने में दिक्कत होती है। ऐसे में हमेशा सही साइज की ही हील्स खरीदें, ताकि इसको पहनकर आपको किसी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

कार्नर न्यूज

### मेकअप लगाना अच्छी बात है लेकिन इसे हटाना होता है मुश्किल


## मेकअप करने के बाद इसे सही ढंग से हटाना भी बेहद जरूरी, जानिए स्टेप-बाय-स्टेप तरीका

हल्का-सा मेकअप का टच-अप आपकी खूबसूरती को निखार देता है और आत्मविश्वास भर देता है। जानकार कहते हैं कि इसे सही समय पर और सही तरीके से हटाना भी बेहद जरूरी है।

कोई शादी हो, पार्टी हो या ऑफिस जाना हो, आप जरूरत के हिसाब से अपनी सुंदरता को उभारने के लिए लाइट और हैवी मेकअप करती हैं। असल में मेकअप में चेहरे की सुंदरता को उभारने के लिए विभिन्न कॉस्मेटिक उत्पादों का उपयोग किया जाता है, जो त्वचा के लिए हानिकारक होते हैं। इसलिए विशेषज्ञ मेकअप सही समय पर सही तरीके से हटाने की सलाह देते हैं। लेकिन क्या आपको सही तरीका पता है?

### माइल्ड मेकअप रिमूवर

अक्सर महिलाएं थकान या आलस के कारण मेकअप हटाए बिना ही सो जाती हैं, लेकिन यह स्किन के लिए बेहद नुकसानदायक होता है। मेकअप रात भर चेहरे पर रहने से पोर्स बंद हो जाते हैं और त्वचा सांस नहीं ले पाती, जिससे पिंपल्स, डलनेस और स्किन एलर्जी की समस्या हो सकती है। इसलिए चाहे दिन कितना भी व्यस्त क्यों न हो, मेकअप



जरूर हटाएं। इसके लिए माइल्ड मेकअप रिमूवर, क्लींजिंग ऑयल या माइसेलर वाटर का इस्तेमाल करें। कॉटन पैड पर रिमूवर लेकर हल्के हाथों से चेहरे पर लगाएं और धीरे-धीरे साफ करें, ताकि स्किन को कोई नुकसान न हो।

### आंखों के लिए अलग

आई मेकअप हटाने के लिए हमेशा अलग और सौम्य आई मेकअप रिमूवर का उपयोग करें, क्योंकि आंखों की त्वचा बेहद नाजुक और संवेदनशील होती है। मस्कारा, काजल और आईलाइनर को हटाते समय ध्यान रखें कि जोर से न रगड़ें। एक कॉटन पैड को रिमूवर में अच्छी तरह भिगो लें और उसे कुछ सेकंड्स तक आंखों पर रखें। इससे मेकअप ढीला हो जाएगा। फिर हल्के हाथों से पोंछते हुए आई मेकअप को साफ करें। यह तरीका आंखों को नुकसान पहुंचाए बिना मेकअप हटाने में कारगर होता है।

### अब फेस वॉश की बारी

जब मेकअप पूरी तरह से कॉटन से हट जाए, तब एक माइल्ड फेस वॉश लें, जो आपकी स्किन टाइप का हो। ड्राई स्किन के लिए हाइड्रेटिंग और ऑयली स्किन के लिए ऑयल-कंट्रोल फेस वॉश बेहतर रहता है। अब हल्के हाथों से फेस वॉश को चेहरे पर लगाएं और सर्कुलर मोशन में मसाज कर सामान्य या ठंडे पानी से चेहरा धो लें। इससे स्किन पर



बचा हुआ मेकअप, धूल-मिट्टी और अतिरिक्त ऑयल साफ हो जाता है और स्किन फ्रेश, क्लीन तथा सांस लेने के लिए तैयार हो जाती है।

### टोनर और मॉइश्चराइजर

मेकअप हटाने और चेहरा धोने के बाद त्वचा अक्सर रूखी महसूस होती है, इसलिए उसे मॉइश्चराइज करना बहुत जरूरी होता है। इसके लिए लाइटवेट या हाइड्रेटिंग मॉइश्चराइजर का उपयोग करें, जो त्वचा में नमी बनाए रखता है और स्किन को हाइड्रेट रखता है। इसके साथ ही टोनर का इस्तेमाल करना भी जरूरी है, क्योंकि यह त्वचा का पीएच बैलेंस करता है, ओपन पोर्स को टाइट करता है और चेहरे को ताजगी प्रदान करता है।

खबर संक्षेप



## भिलाई इस्पात संयंत्र में माइक्रो टर्बाइन जनरेटर परियोजना शुरू

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र ने ऊर्जा संरक्षण और हरित प्रौद्योगिकी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए माइक्रो टर्बाइन जनरेटर (माइक्रो टीजी) परियोजना का शुभारंभ किया है। 16 जुलाई को परियोजना कार्यालय में अनुबंध पर हस्ताक्षर और किक-ऑफ बैठक आयोजित की गई। यह परियोजना संयंत्र से निकलने वाली वेस्ट हीट अपशिष्ट ऊष्मा का उपयोग कर बिजली उत्पादन करेगी। इसका उद्देश्य ऊर्जा संरक्षण, हीट रिकवरी को बढ़ावा देना और संयंत्र की समग्र ऊर्जा दक्षता में वृद्धि करना है। परियोजना से उत्पादित बिजली को संयंत्र की मौजूदा 415 वोल्ट विद्युत वितरण प्रणाली से जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक विद्युत टीके कृष्णा कुमार, महाप्रबंधक एवं विभाग प्रमुख पीबीएस शेख जाकिर, परियोजना प्रबंधक एवं महाप्रबंधक पीके मोहन, वरिष्ठ प्रबंधक अंकुर राठौर सहित परियोजना विभाग, आरडीसीआईएस रांची और टर्बोटेक बेंगलुरु के विशेषज्ञ उपस्थित थे। बैठक में परियोजना के कार्यक्षेत्र, क्रियान्वयन की समय-सीमा, गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों और विभिन्न विभागों के समन्वय पर विस्तार से चर्चा हुई।

# स्वीमिंग पूल, हार्स राइडिंग, स्केटिंग ट्रैक व नालंदा परिसर के कार्य में तेजी लाएं : आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई की आयुक्त सुश्री सुरूचि सिंह ने 'मॉर्निंग विजिट' के तहत शहर के विभिन्न वार्डों और प्रमुख विकास परियोजनाओं का धरातलीय निरीक्षण किया।

आयुक्त ने निर्माण कार्यों को समय-सीमा के भीतर काम पूरा करने की हिदायत दी। आयुक्त ने गोठान की व्यवस्थाओं को देखा और मवेशियों के लिए चारे-पानी के समुचित प्रबंध सहित स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। युवाओं और खेल प्रेमियों के लिए तैयार हो रहे निर्माणाधीन स्विमिंग पूल, हॉर्स राइडिंग, स्केटिंग ट्रैक सहित नालंदा परिसर का निरीक्षण कर गुणवत्ता युक्त कार्य के साथ निर्माण कार्य में तेजी लाने को कहा।

**77 एमएलडी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का लिया जायजा :** शहर की लाइफलाइन 77 एमएलडी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का अवलोकन कर शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ विभिन्न स्थलों के सैंपल परीक्षण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कचांदुर में बन रहे निर्माणाधीन एसटीपी का बारीकी से निरीक्षण किया गया, यह शासन की महत्वपूर्ण बड़ी योजना में से है। इस ट्रीटमेन्ट प्लांट के निर्माण पश्चात कोसानाला एवं तेलहा नाला के अपशिष्ट जल का उपचार कर औद्योगिक, कृषि, बागवानी एवं अन्य कार्य हेतु उपयोग किया जाएगा।



### इंटकवेल पर रखरखाव कार्य, आज सुबह जलापूर्ति रहेगी प्रभावित

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई ने शहरवासियों को सूचना जारी कर बताया है कि शिवनाथ नदी स्थित इंटेक वेल तथा 77 एमएलडी और 66 एमएलडी पंप हाउस में आवश्यक विद्युत एवं रखरखाव कार्य के चलते 19 जुलाई को लगभग 5 से 6 घंटे का शटडाउन लिया जाएगा। इसके कारण शहर के कई इलाकों में सुबह की जलापूर्ति प्रभावित रह सकती है। निगम प्रशासन के अनुसार जलापूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए नियमित रूप से तकनीकी और विद्युत संबंधी रखरखाव कार्य किए जाते हैं। इसी क्रम में रविवार को प्रस्तावित शटडाउन के दौरान आवश्यक मरम्मत और मेंटेनेंस कार्य किए जाएंगे। कार्य पूर्ण होने के बाद दोपहर 11 से 12 बजे के बीच जलापूर्ति बहाल करने का प्रयास किया जाएगा। निगम ने बताया कि शिवनाथ नदी स्थित इंटेक वेल और पंप हाउस शहर की पेयजल व्यवस्था का प्रमुख केंद्र हैं।













